संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -229 गुरूवार,20 जून 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# मोदी कैबिनेट ने किसानों को दी बड़ी सौगात




## » खरीफ की 14 फसलों के लिए तय की नई एमएसपी

**नई दिल्ली,19 जून 2024(ए)।** मोदी सरकार ने बुधवार को किसानों को बड़ी सौगात दी है। कैबिनेट ने खरीफ की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। खरीफ की 14 फसलों की एमएसपी बढ़ाई गई है। धान का एमएसपी बढ़ाकर 2300 रुपये किया गया है। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की दूसरी बैठक हुई। इसमें 5 बड़े फैसले लिए गए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खरीफ की फसलों की एमएसपी बढ़ाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी का तीसरा कार्यकाल बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह किसानों के कल्याण के लिए कई निर्णयों के माध्यम से परिवर्तन के साथ निरंतरता पर केंद्रित है।

### किन फसलों पर कितनी एमएसपी

कपास की एमएसपी 7121 रुपये की गई है। इसमें 501 रुपये बढ़ाया गया है। 2013-14 में कपास की एमएसपी 3700 रुपये थी। इसी तरह रागी की एमएसपी 4290 रुपये,मक्के की एमएसपी 2225 रुपये,मूंग की 8682 रुपये की गई है। तूर दाल की एमएसपी 7550 रुपये की गई है। उरद दाल की नई एमएसपी 7400 और मूंगफली के तेल की एमएसपी 6783 रुपये की गई है। इसके साथ ही दो लाख गोदाम बनाने का काम भी तेजी से चल रहा है।

### वधावन पोर्ट के लिए 76 हजार 200 करोड़ का प्रोजेक्ट

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पोर्ट एंड शिपिंग सेक्टर के लिए फैसला लिया गया है। पालघर के वधावन पोर्ट के लिए 76 हजार 200 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है। पूरे देश की जितनी क्षमता है, उसके बराबर एक अकेली वधावन पोर्ट के लिए तैयार की जाएगी। पोर्ट की गहराई जितनी ज्यादा होगी उस हिसाब से वह महत्वपूर्ण होती है। इस पोर्ट से 12 लाख रोजगार उत्पन्न होगा। मेगा कंटेनर शिप इसमें आएंगे। ये पोर्ट तैयार होने के बाद, दुनिया के टॉप 10 पोर्ट में से एक होगा. मुंबई से इसकी दूरी 150 किमी है।

### केंद्रीय कैबिनेट के अहम फैसले ये रहे...

- कैबिनेट ने धान,रागी, बाजरा,ज्वार,मक्का और कपास सहित 14 खरीफ सीजन की फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दी है
- सरकार की ओर से 2 लाख गोदाम बनाने का काम किया जा रहा है
- कैबिनेट ने 2024-25 खरीफ फसल सीजन के लिए धान के एमएसपी में 117 रुपये से 2,300 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि को मंजूरी दी।
- 76,200 करोड़ रुपये के पूरा होने पर पोर्ट दुनिया के शीर्ष 10 बंदरगाहों में से एक होगा
- मंत्रिमंडल ने गुजरात,तमिलनाडु में 7,453 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ 1 गीगावॉट अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं को मंजूरी दी
- मंत्रिमंडल ने वाराणसी हवाई अड्डे के विकास के लिए 2,869.65 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसमें नया टर्मिनल, रनवे विस्तार शामिल है

### एनर्जी सिक्योरिटी के लिए भी मिली मंजूरी

उन्होंने आगे बताया कि भारत में पहली ऑफ शोर विंड एनर्जी का आज अप्रूवल हुआ है। कई देश इस टेक्नोलॉजी पर आगे बढ़ रहे हैं. पहला प्रोजेक्ट गुजरात में लगेगा जो 500 मेगावॉट का और दूसरा प्रोजेक्ट 500 मेगावॉट का तमिलनाडु में लगेगा। 7453 करोड़ रूपए की लागत इसकी लागत होगी. समुद्र के अंदर केबल लगेंगे और उन्हें पोर्ट पर लैंड करना पड़ता है. 2 पोर्ट में लैंडिग की व्यव्स्था की जाएगी।

### काशी एयरपोर्ट का होगा विस्तार

केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री ने आगे कहा कि काशी के एयरपोर्ट एक मॉडर्न एयरपोर्ट है। वाराणसी एयरपोर्ट की कैपेसिटी फुल है। वाराणसी का लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट का विस्तार होगा। नया टर्मिनल बनाया जाएगा. रनवे को बढ़ाया जाएगा. 2870 करोड़ रुपए का ये प्रोजेक्ट है।




# दिल्ली जल संकट का हल नहीं निकला तो 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन करूंगी

## » आतिशी ने मोदी को लिखा पत्र...

**नई दिल्ली,19 जून 2024(ए)।** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने बुधवार को कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है और धमकी दी है कि अगर कुछ दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह 21 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगी।

### हरियाणा राजधानी के हिस्से का पानी नहीं दे रहा

यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा कि दिल्ली जल संकट से जूझ रही है, क्योंकि हरियाणा राजधानी के हिस्से का पानी नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा,कल हरियाणा ने दिल्ली को 613 एमजीडी के मुकाबले 513 एमजीडी पानी छोड़ा। एक एमजीडी पानी 28,500 लोगों के लिए है। इसका मतलब है कि 28 लाख से अधिक लोगों के लिए पानी नहीं छोड़ा गया।मंत्री ने कहा कि लोग न केवल भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं, बल्कि पानी की कमी से भी जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने जल संकट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इस मुद्दे को हल करने का अनुरोध किया है। अगर दो दिनों के भीतर संकट का समाधान नहीं हुआ तो मैं 21 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाऊंगी। आतिशी ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए हरियाणा सरकार को कई पत्र लिखे हैं।

# एनटीए को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई की फटकार




### छात्र दिन-रात परिश्रम करते हैं...

पीठ ने कहा, ''हम सभी जानते हैं कि छात्र विशेष रूप से इन परीक्षाओं की तैयारी करते समय कितना परिश्रम करते हैं। उसने कहा, ''कल्पना कीजिए कि व्यवस्था से धोखाधड़ी करने वाला कोई व्यक्ति चिकित्सक बन जाए। वह समाज के लिए कितना अधिक घातक है।'' पीठ ने एनटीए के वकीलों से कहा, ''परीक्षा आयोजित करने के लिए जिम्मेदार एजेंसी का प्रतिनिधित्व करते हुए,आपको दृढ़ रहना चाहिए। अगर कोई गलती है,तो हां यह गलती हुई है और हम यह कार्रवाई करने जा रहे हैं। कम से कम इससे आपके कामकाज में विश्वास तो पैदा होगा।''

## » कहा- अगर लापरवाही हुई है तो मामले को क्यों नहीं निपटाया...

**नई दिल्ली,19 जून 2024 (ए)।** नीट-यूजी 2024 एग्जाम मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और केंद्र सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि अगर 0.001 प्रतिशत भी गड़बड़ी हुई है तो उसे सुधारना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए और केंद्र सरकार को इस मामले में नोटिस भी थमाया है। सुप्रीम कोर्ट में नीट घोटाले पर ग्रेस मार्क्स से जुड़ी याचिका पर सुनवाई हुई। यह केस जस्टिस नाथ और जस्टिस भट्टी की वेकेशन बेंच के सामने रखा गया। इसके साथ ही कोर्ट ने नीट-यूजी 2024 में कथित पेपर लीक और गड़बड़ी से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और केंद्र को कड़ी फटकार लगाई।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर साफ कहा कि अगर किसी की ओर से थोड़ी सी भी लापरवाही हुई हो तो इसे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। नीट मामले में फिलहाल अमूल्य विजय पिनापति और नितिन विजय की ओर से याचिका दायर की गई है। वहीं इन याचिकाओं में नीट के पेपर लीक होने की जांच करने और जरूरत हो तो अन्य ऐजेंसी से जांच कराने की मांग रखी गई है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अगली सुनवाई 8 जुलाई को करेगा। मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ÷अगर किसी की ओर से 0.001त्न लापरवाही है तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए।

# आलू चिप्स के पैकेट में मरा हुआ मेंढ़क मिला



## » नौ महीने की बच्ची खा चुकी थी कुछ चिप्स, जांच के आदेश

**जामनगर,19 जून 2024 (ए)।** आलू के चिप्स (पोटैटो वेफर्स) के एक पैकेट में कथित तौर पर मृत मेंढक पाए जाने के बाद बुधवार को जामनगर नगर निगम ने जांच के आदेश दे दिए हैं। मुंबई के एक निवासी द्वारा ऑनलाइन ऑर्डर की गई आइसक्रीम में मानव उंगली का टुकड़ा मिलने के दावे के कुछ दिनों बाद यह शिकायत आई है। जामनगर नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के तहत आलू के चिप्स के पैकेट के उत्पादन बैच के नमूने एकत्र किए जाएंगे।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी का बयान

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डी बी परमार ने संवाददाताओं से बताया, जैस्मीन पटेल नाम की एक युवती ने हमें सूचना दी कि बालाजी वेफर्स द्वारा निर्मित क्रंचेक्स के एक पैकेट में एक मृत मेंढक मिला है। हम कल रात उस दुकान पर गए, जहां से इसे खरीदा गया था। प्रारंभिक जांच से पता चला कि वास्तव में यह एक मरा हुआ मेंढ़क था, जो सड़ी हुई अवस्था में था। उन्होंने कहा, ÷नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार, हम जांच के लिए आलू के चिप्स के पैकेटों के इस बैच के नमूने एकत्र करेंगे।

### देखने से पहले बच्ची ने खा लिए थे कुछ चिप्स

पुष्कर धाम सोसायटी की निवासी पटेल ने दावा किया कि उनकी चार वर्षीय भतीजी ने मंगलवार शाम को पास की एक दुकान से पैकेट खरीदा था। उन्होंने कहा उनकी भतीजी ने मृत मेढ़क देखने से पहले उसने और उनकी नौ महीने की बच्ची ने कुछ आलू के चिप्स खा लिये थे।

### मरे हुए मेंढ़क को देख कर आश्चर्यचकित थी:जैस्मीन

अधिकारी ने कहा कि जैस्मीन ने हमसे बताया कि मेरी भतीजी ने पैकेट को फेंक दिया.. जब उसने मुझसे बोला तो मुझे विश्वास नहीं हुआ, लेकिन मैं मरे हुए मेंढ़क को देख कर आश्चर्यचकित थी। जब बालाजी वेफ़र्स के वितरक और ग्राहक सेवा ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया, तो मैंने सुबह खाद्य सुरक्षा अधिकारी को सूचित किया।

# केंद्र सरकार ने नया पोस्टल लॉ लागू किया




**नई दिल्ली,19 जून 2024(ए)।** केंद्र सरकार ने नए डाक कानून, डाकघर अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को 18 जून से प्रभावी करने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। संचार मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, डाकघर अधिनियम, 2023, 18 जून, 2024 से प्रभावी हो गया है और भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 को निरस्त करेगा। डाकघर विधेयक, 2023 10 अगस्त, 2023 को राज्यसभा में पेश किया गया और 4 दिसंबर, 2023 को राज्यसभा में पारित किया गया। इसके बाद विधेयक पर 12 और 18 दिसंबर, 2023 को लोकसभा द्वारा विचार किया गया और पारित किया गया।

### क्यों जरूरी था नया नियम

इस अधिनियम को 24 दिसंबर, 2023 को भारत के राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली और इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया। भारत, असाधारण, भाग द्वितीय, धारा 1, दिनांक 24 दिसंबर, 2023, विधि एवं न्याय मंत्रालय (विधायी विभाग) द्वारा सामान्य जानकारी के लिए। अधिनियम का उद्देश्य नागरिक-केंद्रित सेवाओं की डिलीवरी और सरकारी योजनाओं के लाभों को अंतिम मील तक पहुँचाने के लिए एक सरल विधायी ढाँचा बनाना है, जिससे जीवन को आसान बनाया जा सके। डाकघर को पहले दिए गए पत्रों को इकट्ठा करने, संसाधित करने और वितरित करने का विशेष विशेषाधिकार बंद कर दिया गया है।

### क्या है नए नियम में

अधिकतम शासन और न्यूनतम सरकार को बढ़ावा देने के लिए, डाकघर अधिनियम, 2023 में कोई दंडात्मक प्रावधान निर्धारित नहीं किया गया है, जो आज लागू होता है। नव अधिनियमित डाक कानून वस्तुओं के पते, पता पहचानकर्ताओं और पोस्टकोड के उपयोग के लिए मानकों को निर्धारित करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है। अधिनियम में कोई दंडात्मक प्रावधान निर्धारित नहीं किया गया है। यह वस्तुओं के पते, पता पहचानकर्ताओं और पोस्टकोड के उपयोग के लिए मानकों को निर्धारित करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है।



# एक और पुणे पोर्शे जैसा कांड

## » राज्यसभा सांसद की बेटी ने बीएमडब्ल्यू से शख्स को उड़ाया...

## » थाने से ही मिल गई जमानत

**चेन्नई,19 जून 2024(ए)।** पुणे पोर्शे कांड के बाद हिट एंड रन का एक और मामला सामने आया है। चेन्नई में राज्यसभा सांसद बीडा मस्तान राव की बेटी ने अपनी बीएमडब्ल्यू कार से शख्स को रौंद दिया। इस घटना में शख्स की मौत हो गई। हैरानी की बात है कि घटना के बाद थाने से ही राज्यसभा सांसद बीडा मस्तान राव की बेटी माधुरी को जमानत मिल गई। बीडा मस्तान राव वाईएसआर कांग्रेस पार्टी से राज्यसभा सांसद हैं।

# फिलहाल जेल में ही रहेंगे अरविंद केजरीवाल



## » 3 जुलाई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली,19 जून 2024 (ए)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। उनकी न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी गई है यानि तब तक केजरीवाल जेल में ही रहेंगे। केजरीवाल को दिल्ली एक्साइज पालिसी केस में गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वो तिहाड़ जेल में बंद हैं। आज राउस एवेन्यु कोर्ट ने केजरीवाल एवं विनोद चौहान की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी।


# अमृतपाल को झटका



### एनएसए की अवधि 1 साल बढ़ी

**चंडीगढ़,19 जून 2024(ए)।** खालिस्तानी समर्थक एवं खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल के साथियों पर एनएसए एक साल और बढ़ा दिया गया है। अमृतपाल के 9 साथियों पर एनएसए की मियाद 18 जून को यानी कल खत्म हो चुकी थी। अमृतपाल के साथ-साथ उसके सभी 9 साथियों पर भी ऑर्डर लागू किया गया है। फिलहाल, अमृतपाल सिंह अपने साथियों के साथ असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है और लोकसभा चुनावों में भारी बहुमत के साथ जीत दर्ज की है।

# लिखना क्या था और क्या लिख गई केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर



**भोपाल,19 जून 2024 (ए)।** मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया था। इसे लेकर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान भोपाल में मुख्यमंत्री एक सरकारी स्कूल में पहुंचे थे तो अन्य जगहों पर मंत्री और स्थानीय प्रतिनिधि पहुंचे थे। इसी कड़ी में धार जिले के एक स्कूल में केंद्र की मोदी सरकार में राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर पहुंची थीं। स्कूल चलें हम अभियान के तहत वह सरकारी स्कूल के बोर्ड पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लिख रही थीं। जिससे वह सही से इसे नहीं लिख पाई हैं।

### मंत्री सावित्री ठाकुर का वीडियो वायरल

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर धार लोकसभा सीट से सांसद हैं। पहली बार केंद्र में मंत्री बनी हैं। धार जिले के ब्रह्माकुंड स्कूल में वह स्कूली बच्चों का स्वागत करने पहुंची थीं। दाखिले बाद के पहली बार ये बच्चे स्कूल पहुंचे थे। इसे लेकर स्कूलों में भव्य समारोह का आयोजन किया गया था। बेटी को स्कूल तक लाने के लिए मैडम मंत्री स्कूल बोर्ड पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश लिखने गईं। लेकिन, उन्होंने- बेढी पडाओ बच्चाव लिख दिया। शपथ-पत्र के मुताबिक मंत्री सावित्री ठाकुर 12वीं पास हैं।

# जम्मू-कश्मीर के बारामूला में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर



**श्रीनगर,19 जून 2024 (ए)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया।अधिकारियों ने बताया कि जिले के रफीयाबाद इलाके के हादीपोरा गांव में आज सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। अभी मारे गए दोनों आतंकवादियों की पहचान नहीं हो पाई है।


## संपादकीय

### ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ के दावे और सवाल रविवार को एक बार फिर से उठ खड़े हुए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीडिया में मुंबई की एक खबर-जिसमें आरोप लगाया गया है कि मुंबई उत्तर पश्चिम लोक सभा सीट से शिवसेना उम्मीदवार के एक रिश्तेदार ने चार जून को मतगणना के दौरान एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था जो ईवीएम से जुड़ा हुआ था-का हवाला देते हुए ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। हालांकि चुनाव आयोग ने मोबाइल से लिंक के दावे को खारिज कर दिया है, और फिर से स्पष्ट किया है कि ईवीएम स्वतंत्र प्रणाली है, और इसमें सुरक्षा के मजबूत उपाय हैं।राहूल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स' के चेयरमैन एवं टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क के एक पोस्ट का हवाला भी दिया जिसमें मस्क ने दावा किया है कि ईवीएम में छेड़छाड़ का खतरा बहुत अधिक है। उनका कहना है कि ईवीएम को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हैक किया जा सकता है, इसलिए इसे हटाया जाना चाहिए। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स' है, और किसी को भी उसकी जांच की अनुमति नहीं है।इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की है। बहरहाल, इस प्रकार ईवीएम पर सवाल उठाया जाना कोई नई बात नहीं है। काफी समय तक ईवीएम को लेकर पक्ष-प्रतिपक्ष के बीच तकरार रही। मामला अदालत में भी पहुंचा। अदालत ने स्पष्ट फैसला देकर इस विवाद का अंत कर दिया था।लेकिन नये घटनाक्रम के बाद प्रतिपक्ष ईवीएम को फिर से संदेह के घेरे में लाने को प्रेरित हुआ है। उसे चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंता जतलाने, बल्कि कहें कि चुनाव में धांधली की आशंका जताने का मौका भी मिल गया है। प्रतिपक्ष चुनाव से जुड़ी संस्थाओं की जवाबदेही पर सवाल उठा रहा है, और जवाबदेही के अभाव में लोकतंत्र के दिखावा भर रह जाने की बात कह रहा है। ईवीएम को लेकर एक बार फिर से सियासी घमासान छिड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। जब ईवीएम को लेकर शक-संदेहों का चुनाव आयोग अपने स्तर पर निराकरण कर चुका है, अदालत ने भी व्यवस्था दे दी है, और सबसे बड़ी बात कि विपक्ष ईवीएम के जरिए चुनावी जीत को सहज लेता है, तो भी शक-संदेह जताना उसकी अपरिपक्कता दिखाता है।

# भारत में लैंगिक असमानता की बढ़ती खाई

**महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं...वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं...बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं...महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे-मां,पत्नी,बहन,शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं...**



विश्व आर्थिक मंच द्वारा हाल में प्रस्तुत किये गए लैंगिक अंतर के आंकड़ों ने एक ज्वलंत प्रश्न खड़ा किया है कि शिक्षा, आय, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आधी दुनिया को उसका हक क्यों नहीं मिल पा रहा है? निस्संदेह, हमारे सत्ताधीशों को सोचना चाहिए कि लैंगिक अंतर सूचकांक में भारत 146 देशों में 129 वें स्थान पर क्यों है? लगातार महिलाओं की दोयम दर्जा की स्थिति का बना रहना नीति-नियंताओं के लिये आत्ममंथन का मौका हैं। निश्चय ही यह स्थिति भारत की तरक्की के दावों से मेल नहीं खाती। इसके बावजूद उम्मीद जगाने वाला तथ्य है कि पिछले वर्ष जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिलाओं की एक तिहाई हिस्सेदारी को लेकर विधेयक पारित हो चुका है। इसके बावजूद हाल में सामने आए आंकड़े परेशान करने वाले हैं और तरक्की के दावों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। यह विचारणीय प्रश्न है कि सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक नीतियां बनाने और कायदे कानूनों में बदलाव के बावजूद लैंगिक असमानता की खाई गहरी क्यों होती जा रही है। ये स्थितियां समाज में इस मुद्दे पर खुले विमर्श की जरूरत को बताती हैं। हालिया लोकसभा चुनाव में सीमित मात्रा में महिलाओं के संसद में पहुंचने ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। निश्चित रूप से तमाम सरकारी घोषणाओं के बावजूद जमीन पर महिला असमानता के दंश विद्यमान रहना बड़ी चुनौती है।

लैंगिक अंतर सूचकांक में पिछले साल भारत 127वें स्थान पर था, जो 2022 में 135वें स्थान से 1.4 प्रतिशत अंक और आठ पायदान ऊपर था। लेकिन इस वर्ष फिर दो पायदान ऊपर चढ़ा है। सूचकांक में भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश को 99वें, चीन को 106वें,नेपाल को 117वें, श्रीलंका को 122वें, भूटान को 124वें और पाकिस्तान को 145वें स्थान पर रखा गया है। आइसलैंड (93.5 फीसदी) फिर से पहले स्थान पर है और डेढ़ दशक से सूचकांक में सबसे आगे है। शीर्ष 10 में शेष नौ अर्थव्यवस्थाओं में से आठ ने अपने अंतर का 80 फीसदी से अधिक हिस्सा पाट लिया है। निश्चित तौर पर किसी भी समाज में पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने में लंबा समय लगता है, लेकिन इस दिशा में सत्ताधीशों की तरफ से ईमानदार पहल होनी चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के आंकड़ों की तुलना दक्षिण एशिया के छोटे देशों से नहीं की जा सकती। इसमें दो राय नहीं कि पूरी दुनिया में सरकारों द्वारा लैंगिक समानता के लिये नीतियां बनाने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं निकले हैं। जिसकी एक वजह समाज में पुरुष प्रधानता की सोच भी है। जिसके चलते यह आभास होता है कि आधी दुनिया के कल्याण के लिये बनी योजनाएं महज घोषणाओं तथा फाइलों तक सिमट कर रह जाती हैं।

भारत में महिलाओं की उपेक्षा,भेदभाव,अत्याचार एवं असमानता की स्थितियों का बना रहना विडम्बनापूर्ण हैं। भारत में रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के स्वर तो बहुत सुनने को मिलते हैं, महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार भी पुरुषों के बराबर दिया गया है, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति चिन्ताजनक एवं विसंगतिपूर्ण है। हमारे सत्ताधीशों के लिये यह तथ्य विचारणीय है कि हमारे समाज में आर्थिक असमानता क्यों बढ़ रही है? हम समान कार्य के बदले महिलाओं को समान वेतन दे पाने में सफल क्यों नहीं हो पा रहे हैं? जाहिर है यह अंतर तभी खत्म होगा जब समाज में महिलाओं से भेदभाव की सोच पर विराम लगेगा। यह संतोषजनक है कि माध्यमिक शिक्षा में नामांकन में लैंगिक समानता की स्थिति सुधरी है। फिर भी महिला सशक्तीकरण की दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देर-सवेर महिला आरक्षण कानून का ईमानदार क्रियान्वयन समाज में बदलावकारी भूमिका निभा सकता है। जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक नेतृत्व इस मुद्दे को अपेक्षित गंभीरता के साथ देखे।


महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं। वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं। महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे- मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं। बावजूद क्या कारण है कि आज भी महिला असमानता की स्थितियां बनी हुई है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि अधिक महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए भारत सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे। सरकार को अपनी लैंगिकवादी सोच को छोड़ना पड़ेगा। क्योंकि भारत सरकार के खुद के कर्मचारियों में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिये अधिक एवं नये अवसर सामने आने जरूरी है। भारत में महिला रोजगार को लेकर चिंताजनक स्थितियां हैं। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) नाम के थिंक टैंक ने बताया है कि भारत में केवल 7 प्रतिशत शहरी महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास रोजगार है या वे उसकी तलाश कर रही हैं। सीएमआईई के मुताबिक, महिलाओं को रोजगार देने के मामले में हमारा देश इंडोनेशिया और सऊदी अरब से भी पीछे है। रोजगार या नौकरी का जो क्षेत्र स्त्रियों के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा जरिया रहा है, उसमें इनकी भागीदारी का अनुपात बेहद चिंताजनक हालात में पहुंच चुका है। यों जब भी किसी देश या समाज में अचानक या सुनियोजित उथल-पुथल होती है, कोई आपदा, युद्ध एवं राजनीतिक या मनुष्यजनित समस्या खड़ी होती है तो उसका सबसे ज्यादा नकारात्मक असर स्त्रियों पर पड़ता है और उन्हें ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।

दावोस में हुए वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में ऑक्सफैम ने अपनी एक रिपोर्ट 'टाइम टू केयर' में घरेलू औरतों की आर्थिक स्थितियों का खुलासा करते हुए दुनिया को चौका दिया था। वे महिलाएं जो अपने घर को संभालती हैं, परिवार का ख्याल रखती हैं, वह सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक अनगिनत सबसे मुश्किल कामों को करती है। अगर हम यह कहें कि घर संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया में सिर्फ यही एक ऐसा पेशा है, जिसमें 24 घंटे, सातों दिन आप काम पर रहते हैं, हर रोज क्राइसिस झेलते हैं, हर डेडलाइन को पूरा करते हैं और वह भी बिना छुट्टी के। सोचिए, इतने सारे कार्य-संपादन के बदले में वह कोई वेतन नहीं लेती। उसके परिश्रम को सामान्यतः घर का नियमित काम-काज कहकर विशेष महत्व नहीं दिया जाता। साथ ही उसके इस काम को राष्ट्र की उन्नति में योगभूत होने की संज्ञा भी नहीं मिलती। प्रश्न है कि घरेलू कामकाजी महिलाओं के श्रम का आर्थिक मूल्यांकन क्यों नहीं किया जाता? घरेलू महिलाओं के साथ यह दोगला व्यवहार क्यों? नरेन्द्र मोदी की पहल पर निश्चित ही महिलाओं पर लगा दोयम दर्जा का लेबल हट रहा है। हिंसा एवं अत्याचार की घटनाओं में भी कमी आ रही है। बड़ी संख्या में छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां पढ़-लिखकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे उन क्षेत्रों में जा रही हैं, जहां उनके जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। वे टैक्सी, बस, ट्रक से लेकर जेट तक चला-उड़ा रही हैं। सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा कर रही है। अपने दम पर व्यवसायी बन रही हैं। होटलों की मालिक हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लाखों रुपये की नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू कर रही हैं। वे विदेशों में पढ़कर नौकरी नहीं, अपने गांव का सुधार करना चाहती हैं। अब सिर्फ अध्यापिका, नर्स, बैंकों की नौकरी, डॉक्टर आदि बनना ही लड़कियों के क्षेत्र नहीं रहे, वे अन्य क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। स्त्री शक्ति के प्रति सम्मान भावना ही नहीं, समानता, सह-अस्तित्व एवं सौहार्द की भावना जागे, तभी उनके प्रति हो रहे अपराधों में कमी आ सकेगी और लैंगिक असमानता को दूर किया जा सकेगा।

-ललित गर्ग-

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# भीषण गर्मी में खुला काम करने वाले मजदूरों को सबसे ज्यादा नुकसान क्यों?



प्रियंका सौरभ
बड़वा (सिवानी) भिवानी, हरियाणा

भारत में हाल ही में आई भीषण गर्मी से डेली वर्कर्स, विशेषकर डिलीवरी कर्मियों, ईंट-भट्ठों पर काम करने वालों और दिहाड़ीदार मजदूरों के लिए कामकाजी परिस्थितियां गंभीर हो गई हैं। भीषण गर्मी ने खुला काम करने वाले वर्कर्स के लिए कठोर कार्य स्थितियों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर किया है। इस भीषण गर्मी में कई लोग खुले वातावरण और गर्म मौसम में काम करने के लिए मजबूर हैं। अगर वे काम नहीं करेंगे, तो उनके घर खाना नहीं पकेगा। यह उनके जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ऐसे लोग अक्सर काफी गरीबी में जीने के लिए विवश होते हैं। साफ पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित झुग्गियों के घर टिन या तारपोलिन की छतों के नीचे तपती गर्मी झेलते हैं। चूंकि ये काम ज्यादातर खुले वातावरण में ही करने पड़ते हैं, तो भीषण गर्मी में इन लोगों के बीमार पड़ने का खतरा भी ज्यादा रहता है।इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए चल रहे प्रयासों और नई पहलों को विकसित किया जाना चाहिए, जिससे उनकी भलाई और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

भारत में हाल ही में आई भीषण गर्मी ने कई क्षेत्रों में तापमान को 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचा दिया है , जिससे डेली वर्कर्स, खासकर डिलीवरी कर्मियों और दिहाड़ीदार मजदूरों के सामने आने वाली चुनौतियों में इज़ाफा हुआ है। इस प्रकार के खुला काम करने वाले इस दौरान श्रमिक पर्याप्त स्वास्थ्य-सुरक्षा उपायों और न्यूनतम ब्रेक के बिना चरम मौसम की स्थिति के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण गर्मी से थकावट और निर्जलीकरण से पीड़ति हुए हैं, जिससे पता नहीं कितनों की जान असमय गई है। दिहाड़ीदार मजदूर स्थायी नौकरियों के बजाय अल्पकालिक अनुबंध या फ्रीलांस काम करते है। इस में उबर, स्विगी और ज़ोमैटो जैसे डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के ज़रिए अस्थायी, लचीले और प्रोजेक्ट-आधारित काम करने वाले भी शामिल हैं । ये नौकरियाँ लचीलापन प्रदान करती हैं , लेकिन इन लोगों को पारंपरिक रोज़गार से जुड़े लाभों और सुरक्षाओं का अभाव होता है।अगर वे काम नहीं करेंगे, तो उनके घर खाना नहीं पकेगा। यह उनके जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ऐसे लोग अक्सर काफी गरीबी में जीने के लिए विवश होते हैं। साफ पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित झुग्गियों के घर टिन या तारपोलिन की छतों के नीचे तपती गर्मी झेलते हैं। चूंकि ये काम ज्यादातर खुले वातावरण में ही करने पड़ते हैं, तो भीषण गर्मी में इन लोगों के बीमार पड़ने का



खतरा भी ज्यादा रहता है। ऐसे श्रमिकों को अक्सर स्वास्थ्य बीमा, सेवानिवृत्ति लाभ या सवेतन अवकाश की सुविधा नहीं मिलती, जिससे बीमारी या चोट के समय वे आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। श्रमिकों की आय अत्यधिक परिवर्तनशील और अप्रत्याशित होती है, जिससे वित्तीय योजना बनाना मुश्किल हो जाता है। श्रमिकों को कठोर कार्य स्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें चरम मौसम का सामना करना भी शामिल है।इनको आमतौर पर स्वतंत्र ठेकेदारों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जिससे उन्हें कई श्रम सुरक्षा से वंचित रखा जाता है जो औपचारिक कर्मचारियों को प्राप्त होती हैं। ऐसे विपरीतसमय में श्रमिकों को संरक्षण और निष्पक्ष व्यवहार के लिए आवश्यक प्रबंध करने की जरूरत है। सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य लाभ के लिए वर्कर्स को स्वास्थ्य बीमा, मातृत्व लाभ और पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करनाबहुत जरूरी है। उदाहरण के लिए- राजस्थान प्लेटफ़ॉर्म आधारित वर्कर्स (पंजीकरण और कल्याण) विधेयक, 2023 का उद्देश्य वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जो अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय मिसाल कायम करेगा। वर्कर्स के लिए एक न्यूनतम वेतन नीति स्थापित करना ताकि एक स्थिर आय और न्यूनतम भुगतान किए गए घंटे या कमाई सुनिश्चित हो सके। जैसे सिंगापुर के प्रस्तावित विधायी परिवर्तनों में श्रमिकों के लिए कार्य-चोट बीमा और पेंशन कवरेज का विस्तार करना शामिल है, जिसका भारत भी अनुकरण कर सकता है।

वर्कर्स को कर्मचारी के रूप में मान्यता देना या उन्हें समान अधिकार और सुरक्षा प्रदान करना समय की मांग है। इसमें संगठित होने और यूनियन बनाने का अधिकार शामिल है। उदाहरण के लिए यूके और कैलिफोर्निया में कानूनी लड़ाइयों के कारण वर्कर्स को कर्मचारी के रूप में मान्यता मिली है, जो न्यूनतम वेतन और अन्य लाभों के हकदार हैं । सुरक्षित कार्य परिस्थितियाँ सुनिश्चित करने के लिए जिसमें सुरक्षात्मक गियर,नियमित ब्रेक और चरम मौसम से श्रमिकों की सुरक्षा के उपाय शामिल हैं। उदाहरण के लिए- निष्पक्ष व्यवहार और शिकायत निवारण तंत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं , लेकिन इनको मज़बूत करने की आवश्यकता है। स्वतंत्र श्रम न्यायालयों की स्थापना करना और यह सुनिश्चित करना कि उनमें मामलों को तुरंत और निष्पक्ष रूप से निपटाने की क्षमता हो। उदाहरण के लिए- कतर की श्रम विवाद समितियों ने न्याय तक पहुँच में सुधार किया है , लेकिन देरी और प्रवर्तन संबंधी मुद्दे बने हुए हैं, जिसके लिए और सुधार की आवश्यकता है।

वर्कर्स की रोजगार क्षमता और आय क्षमता को बढ़ाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करनाभी आवश्यक है। इसमें वित्तीय साक्षरता और डिजिटल कौशल का प्रशिक्षण शामिल हो। उदाहरण के लिए- स्किल इंडिया जैसी सरकारी पहलों का विस्तार करके वर्कर्स को विशेष रूप से लक्षित किया जा सकता है , ताकि उन्हें प्रासंगिक कौशल और प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। कल्याणकारी योजनाओं के पंजीकरण और पहुँच को सरल बनाने के लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग कर सेवा वितरण में सुधार के लिए वर्कर डेटा को राष्ट्रीय श्रम डेटाबेस में एकीकृत करना श्रमिकों के लिए फायदेमंद स्कीम बनाने में सहायक होगा। उदाहरण के लिए- भारत का ई-श्रम पोर्टल, जिसका उद्देश्य असंगठित श्रमिकों का राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है, वर्कर्स को शामिल करने के लिए इसका लाभ उठाया जा सकता है , ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें समय पर लाभ मिले।भारत में वर्कर्स के अधिकारों की रक्षा और उनके साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए व्यापक और अच्छी तरह से लागू किए गए उपायों की आवश्यकता है। सामाजिक सुरक्षा, कानूनी मान्यता, बेहतर कार्य परिस्थितियाँ, न्याय तक पहुँच, प्रशिक्षण और बेहतर डिजिटल बुनियादी ढाँचा एक निष्पक्ष श्रमिक अर्थव्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कार्यबल के इस बढ़ते हुए हिस्से की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों और नई पहलों को विकसित करना जारी रखना चाहिए, ताकि उनकी भलाई और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# ट्रो के लिए शहर को सजा नहीं दे सकते

'बरसो बाद इंदौर को महसूस हुआ कि उसकी आवाज़ भी हैं। ये शहर,अपनी आवाज बनने के लिए जिन्हें चुनता आया, वे सब बीते कई सालों से ÷मूकबधिर÷ हो चले थे। जनहित से जुड़ा बड़ा से बड़ा मुद्दा हो जाये लेकिन मजाल है कि सत्तारूढ़ दल का कोई बड़ा नेता मुंह खोल दे। बीच शहर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट हो या फिर शहर को शर्मसार करने वाला नाईट लाइफ का जबरिया फैसला...चुनै हुए नेताओ ने सब सिर झुकाकर मंजूर कर लिया। शहर के नेतृव की मूकबधिरता है कि जाने का नाम ही नही ले रही। हालिया मामला शहर के फार्म हाउस पर बढ़ती ड्रग वाली रेव पार्टियों का हैं। एक भी नेता की आवाज सुनी आपने? लेकिन सोमवार को शहर में एक आवाज गुंजी, शहरहित में कि मेट्रो के लिए इंदौर को सजा नही देने देंगे। ये आवाज़ सत्ता के गलियारों से अब तक दूर थी। जैसे ही वह सत्ता के केंद्र में आई, जैसे इंदौर व इंदोरियो की आवाज़ लौट आई। कल इसी आवाज ने मेट्रो के उस भूत को फिर से झाड़ पर टांग दिया जो शहर की जीवन रेखा एमजी रोड पर साल-दो साल से मंडरा रहा था। मेट्रो का ये भूत उतारा प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री व पीवर इन्दौरी नेता कैलाश विजयवर्गीय ने।ङ्क* सालो साल बाद शहर के हितों को लेकर इस तरह का नेतृत्व नजर आया, जिसने इंदौर की चिंता की। अन्यथा शहर अब इस बात का आदि हो चला था कि जो भोपाल तय कर दे, अफसर मंजूर कर ले, वो ही सही। इंदौर को बस मूकदर्शक बनकर देखते रहना हैं। यहां का नेतृव ÷ मूक बधिर÷ बना हुआ आमजन के साथ मूकदर्शक बना बैठा रहने का आदि हो चला। जनता जरूर विरोध में आवाज मुखर करती रही लेकिन उनकी सुनवाई भी कहा हुई? ये मेट्रो को लेकर सोमवार को जो बाते हुई, वह तो मेट्रो की आमद के साथ ही शहर की फिजाओं में गूंज रही थी। लेकिन सुनवाई कहां हुई? अफसरों ने भोपाल के इशारे पर जो तय कर दिया, उसे अमलीजामा पहनाने की ज़िद ये शहर देख ही रहा था। मेट्रो में भी यही हुआ। जनता चीखती रही कि मेट्रो का रूट जरा सोच समझकर तय करे लेकिन ÷ ट्रायल रन÷ पर आमादा अफसर बिरादरी के कान पर जू तक न रेंगी। लेकिन निज़ाम बदला, नेतृव बदला तो शहर की आवाज़ बुलंद हुई। ये कर दिखाया शहर के ही नेता और प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने। उन्होंने मेट्रो के मामले में शहर की चिंताओं में अपना स्वर शामिल किया और एक पालक की तरह मेट्रो को लेकर इंदौर की चिंताओं को हर लिया।विजयवर्गीय ने मेट्रो को लेकर दो टूक कहा कि मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए इंदौर को सजा नही दे सकते। मेट्रो में देरी चलेगी, करोड़ो का नुकसान मंजूर है लेकिन शहर का अहित नही होने देंगे। विजयवर्गीय की इस खरी खरी ने उन सभी पक्षो को राहत दी जो मेट्रो के बीच शहर से गुजरने के विरोध में थे। इसमे एमजी रोड के रहवासी-व्यापारियों के साथ जन संगठन व जनप्रतिनिधि भी शामिल है। राहत की सांस पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने भी ली। वे शहर की ऐसी पहली जनप्रतिनिधि रही जिन्होंने मेट्रो के बीच शहर से गुजरने पर आपत्ति दर्ज करवाई थी। तब विजयवर्गीय की याद शहर को आई थी। वे शहर के मुद्दे पर शहर के साथ खड़े होते है। लेकिन वे उस वक्त सत्ता के गलियारों से दूर संगठन के दायित्व संभाल रहे थे। लेकिन इंदौर के जो चुने हुए जनप्रतिनिधि थे, वे भोपाल व भोपाल की पसन्द के अफसरों की हा में हा मिला रहे थे। लेकिन शहर के साथ जन जन से जुड़े मुद्दे पर मोन थे। बोली तो सिर्फ घर पर बैठी हम सबकी ताई यानी सुमित्रा महाजन।

-नितिन मोहन शर्मा-

## कैसे शिक्षा





लक्ष्मी नारायण सेन
खुटेरी गरियाबंद (छत्तीसगढ़)

शिक्षा तो है ही विकास का उत्तम साधन
पर कैसा इससे तो रहा समाज का भाजन।।
शिक्षित है हम ऐसे
कहते आज सभी फिरते
फिर मानवता का
आज ग्राफ कैस गिरते।।
अशिक्षा की साया मे
करते थे बड़ो का आदर
शिक्षित होकर हम
करते माँ बाप का निरादर।।
शिक्षित होकर कैसे करते
हम विकृत व्यवहार
देख कर विस्मित है
आज हमारे पालनहार।।
त्याग तपस्या समर्पण हो रहा क्षुण्ण
सब जगह दिख रहा स्वार्थ अक्षुण्ण।।
पुत्र पिता को देता कैसे
आज अद्भुत जवाब
मान रहा घरों मे अपने
आपको एक नवाब।।
बिटिया करती मायके मे
संगठन की बात
ससुराल मे बोलती
हम दो हमारे दो की बात।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## आधुनिकता की होड़





प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम गरियाबंद छत्तीसगढ़

सूखी पड़ी है बंजर धरती।
दाने-दाने के लाले पड़ गए।।
गाँव बिका, जमीन बिकी,
जाने लोग,किसके पाले पड़ गए।।
उन मेहनतकश मजदूरों ने,
एक-एक ईंट जोड़ा ।
आधुनिकता की मशीनों ने,
आकर पल में तोड़ा।।
दर्द से कराहते,रोक न सके,
ईश के मन्दिरों में भी, ताले पड़ गए।।
बचपन बीता, जवानी आई,
भूल गए संस्कारों को।
अब अफसर कहलाने लगे,
तो छीन लिए अधिकारों को।।
शहर की हवा ने रुख ऐसा मोड़ा,
गाँव आते-आते पाँव में
छाले पड़ गए।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## चलो समंदर में वो लहर ढूंढ़ते हैं



महेन्द्र साहू खलारीवाला
गुण्डरदेही बालोद छत्तीसगढ़

चलो,समंदर में वो लहर ढूँढते हैं
गम के समंदर में,चलो खुशियों का मंजर ढूँढते हैं।
जिस घड़ी न हो कोई फ़िक्र,चलो वो पहर ढूँढते हैं।।
आज अपने ही लगे हैं,अपनों के पैर खींचने में।
हो साथ,सबका विकास,चलो ऐसी कोई डगर ढूँढते हैं।।
टूट रहे हैं आपसी स्वार्थ में,आज हर रिश्ते और नाते।
आपस में जो बाँधे रक्खे,चलो ऐसी कोई रबर ढूँढते हैं।।
कल-कारखानों से फिजाओं में,घुल रही है धूल-धूसरित गरल।
जिन फिजाओं में न हो,तनिक जहर,चलो वो शहर ढूँढते हैं।।
समंदर के रेत सी,फिसल रही है जिन्दगी।
न डूबा सके कश्ती,चलो समंदर में वो लहर ढूँढते हैं।।
रब की नेक रहमत से, हासिल हो,वो हर मुकाम ।
बदले तकदीर,खलारीवाला चलो वो असर ढूँढते हैं।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कल की उम्मीद में जिंदगी गुजार दी



प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक ( हरियाणा)


हमने कल की उम्मीद में
जिंदगी गुजार दी
कल मिलेगा सुख
यह सोच दिक्कत बिसार दी।
बड़े होकर औलाद से
हमें मिलेगा सुख कभी तो
यही सोच उस पर
सारी खुशियां निसार की।
यह घर चलता रहे
किसी तरह से मेरे दोस्त
यही सोच कर हमने
सहन की घड़ियां तकरार की।
छाया मिलेगी हमें
कभी ना कभी किसी सुख की
यही सोच कर हमने खुशियों के पेड़
लगाने की विचार की!
पैसा-पैसा जोड़ा हमने उम्र
भर कड़ी मेहनत के बाद
ले गए धोखे से बेटे
हमने इसी बात की धिक्कार की।
जवानी में अच्छा ना खा पी
हमने ऐश प्रस्ति छोड़ दी
सुख से नहीं काटा बुढ़ापा
जब हमने तस्वीर साफ की।
भविष्य की सोच कर मदद करते रहे
अपने और परायों की
जब आई हम पर मुसीबत तो हर
शख्स ने निगाहें फेर ली।
फिदा होते हैं अपने और पराए धन
दौलत के ढेर देखकर
मुफलिसी में तो चिड़िया भी नहीं
चहकती हकीकत हमने देख ली।
रिश्ते नाते तो होते हैं कागज के नकली
फूल बहुत सुहाने
सींचा बहुत इन्हें प्यार से लेकिन खिले
नहीं बहुत हमने इंतजार की!
बहुत ही अजीब जिंदगी का सिलसिला
देखा हमने मेरे दोस्तों
कभी हंस कर, कभी रो कर हमने
जैसे कैसे जिंदगी गुजार दी

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा ........अम्बिकापुर न्यायालय........ के अधीन होगा।

CMYK

# ग्रामसभा में पीकेबी कोल माइंस को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध








» **ग्रामीणों ने एसडीएम का किया घेराव...**

» **पिकेबी कोल माइंस को लेकर प्रशासनिक अधिकारियो की उपस्थिति ग्राम सभा आयोजित...**

» **विरोध के बीच पिकेबी कोल माइंस के लिए प्रस्ताव हुआ पास...**

**- मनोज कुमार -**
**लखनपुर,19 जून 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा जिले के घाटबर्रा गांव में परसा ईस्ट केते बासेन कोल माइंस परियोजना से प्रभावित लोगों के पुनर्वास व व्यवस्थापन को लेकर घाटबर्रा पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकतर लोगों ने पुनर्वास नीति का विरोध किया वहीं कई लोगों ने समर्थन किया। ग्राम सभा के दौरान गांव वालों ने अपने-अपने विचार रखें और अधिकतर लोगों का यही कहना था कि गांव में कोल माइंस नहीं खोलना चाहिए गांव वालों ने आरोप लगाया कि ग्राम सभा में कोल माइंस परियोजना के पक्ष में प्रस्ताव पास कर दिया गया है। जबकि उन्होंने 2022 में कोल माइंस का विरोध किया था बता दें कि आमतौर पर ग्राम सभा के आयोजनों में पॉइंट सरपंच सचिव और गांव के लोग मौजूद होते हैं। लेकिन इस ग्राम सभा में जिला प्रशासन के अधिकारी अपर कलेक्टर, एसडीएम, एडिशनल एसपी सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे। वहीं सैकड़ो ग्रामीणों ने कोल माइंस का विरोध करते हुए एसडीएम का घेराव किया। ग्रामीणों के विरोध के बावजूद पीसीबी कोल माइंस के लिए प्रस्ताव पास हुआ। हसदेव इलाके में कोल माइंस का लंबे समय से विरोध चल रहा है। इस बीच घाटबर्रा गांव में परसा ईस्ट केते बासेन कोल माइंस के फेस टू के विस्तार के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को कोल माइंस खुलने पर विस्थापन की जानकारी अधिकारियों द्वारा दी गई जिसका मौजूद ग्रामीणों ने विरोध किया तो कई ग्रामीणों के द्वारा माइंस का समर्थन भी किया गया। समर्थन करने वाले ग्रामीणों का कहना है कि कोल माइंस खोलने से उनके गांव का विकास होगा तो बच्चों को बेहतर शिक्षा और बुनियादी सुविधाएं मिल पाएंगे वहीं विरोध करने वाले युवाओं का कहना है कि कोल माइंस खुलने से उनका गांव उजड़ जाएगा और इसके बाद उन्हें जल संकट सहित अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। विरोध करने वाले ग्रामीणों ने ग्राम सभा संपन्न होते ही मौके पर मौजूद एसडीम को घेर लिया और इसके बाद नारेबाजी की गई। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा। साथ ही सुरक्षा के कड़े उपाय किए गए थे, हालांकि इस गांव में जैसा माहौल है उसे देखकर लग रहा है कि आने वाले दिनों में कोल माइंस को लेकर विरोध के स्वर तेज हो सकते हैं तो कोल माइंस शुरू करने में फिर से प्रशासन को पुलिस का सहारा लेना पड़ सकता है। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को आवंटित है परसा ईस्ट एवं केते बासेन कोल परियोजना हसदेव क्षेत्र में खदान खोलने का सिलसिला साल 2010 में शुरू हुआ था दो वर्षो से ग्रामीण कोल माइंस का विरोध कर रहे है। कोल माइंस खुलने से घटबरा के 500 परिवार विस्थापित होंगे।अब तक घाटबर्रा गांव के 32 लोगों को ही मुआवजा दीया गया है। अदानी के पीसीबी कोल प्रोजेक्ट के दूसरे चरण के लिए ग्रामीणों ने कलेक्टर और एसडीएम को पत्र भेज ग्राम सभा को स्थगित करने की मांग की गई थी। जिला प्रशासन की निगरानी में ग्राम घाट बरना में ग्राम सभा का आयोजन किया गया ग्रामीणों के विरोध के बाद भी पीकेबि कोल माइंस का ग्रामसभा में प्रस्ताव पास किया गया।बहरहाल अब देखना होगा कि कोल माइंस परियोजना के पक्ष में ग्राम सभा में अफसरों नें मौजूद रहकर प्रस्ताव पास करा दिया है। और दूसरी तरफ विरोध जारी है तो आने वाले दिनों में आंदोलनकारी कौन सा कदम उठाते हैं।

> **इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बि आर खांडे ने बताया कि पीकेबी कोल माइंस को लेकर ग्राम सभा में अधिकतर लोग पक्ष में है और कुछ लोग इसे लेकर विरोध कर रहे हैं।**
> **बी. आर. खांड़े**
> **एसडीएम**



## यार्ड में खड़ी ट्रक लूटकर ले गए, डकैती का अपराध दर्ज

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,19 जून 2024 (घटती-घटना)।**

अंबिकापुर पत्थलगांव शहर में पालीडीह स्थित यार्ड में खड़ी ट्रक को लुटकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक सहित 03 अन्य के खिलाफ धारा 34, 392, 427, 457 का अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार रविवार 16 जून की देर रात पत्थलगांव में पालीडीह स्थित यार्ड का दीवार फांदकर 4-5 घुस गये और वहां खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीजी 6331 को स्टार्ट कर ले जाने लगे। वाहन स्टार्ट होने की आवाज सुनकर सिक्यूरटी गार्ड विजय यादव बाहर निकला तो लुटेरो ने स्टार्ट ट्रक से सिक्यूरटी गार्ड को कुचलने का प्रयास किया। जिसके बाद सिक्यूरटी गार्ड किनारे हो गया तो लुटेरे यार्ड का दीवार और गेट को तोड़ते हुवे ट्रक को लेकर फरार हो गये। इस मामले में यार्ड संचालक की शिकायत पर पत्थलगांव पुलिस ने विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है।

बता दें की उक्त ट्रक का मालिक आकाश जायसवाल पिता भोला प्रसाद जयसवाल निवासी अंबिकापुर है। जिसका चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फाइनेंस कंपनी में 10 किस्त टूटा हुआ था। जिसे फाइनेंस कंपनी के विधिक प्रोसेस के तहत सीज कर यार्ड में खड़ा कराया था। यार्ड संचालक सुनील गुप्ता ने पत्थलगांव पुलिस को दिए शिकायत में बताया गया है कि उसकी चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फाइनेंस कंपनी पत्थलगांव ब्रांच से पार्किंग यार्ड के लिए पालीडीह स्थित भूमि का अनुबंध है। 15 जून की शाम 4 बजे लगभग चोला मण्डलम के सिजर द्वारा एक वाहन टाटा एलपीटी 3718 जिसका पंजीयन क्रमांक सीजी 15 डीजी 6331 पार्किंग यार्ड में लाया गया था। उक्त सीज वाहन को ड्राइवर को बस स्टैण्ड पत्थलगांव नवीन बस आफिस के पास छोड़ा गया था। यार्ड संचालक ने वाहन स्वामी व ड्राइवर के उपर दण्डात्मक कार्यवाही कर उन्हें वाहन सुपूर्द करने की मांग की है। इस संबंध में पुलिस ने बताया की जांच जारी है। जल्द ही ट्रक समेत आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।




## आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने के सामने धरने पर बैठे तिब्बती शरणार्थी

**- संवाददाता -**

**अंबिकापुर,19 जून 2024 (घटती-घटना)।** सरगुजा जिले के मैनपाट में आज बुधवार सुबह दर्जनों की संख्या में तिब्बती शरणार्थी थाना पहुंच धरने पर बैठ गए हैं। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों तिब्बती युवक के साथ स्थानीय युवक ने की मारपीट की थी, रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी पुलिस कोई कार्यवाही नही कर रही है। जिसके विरोध में आज सभी तिब्बती एक साथ कमलेश्वरपुर थाना पहुंचे। आरोपी युवक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए सभी धरने पर बैठ गए हैं।

बता दें तिब्बती फुरफू दोरजी के साथ पिछले दिनों जमीन विवाद पर स्थानीय युवक संतोष यादव ने मारपीट की थी। एफआईआर के बाद भी आरोपी युवक अब तक फरार है। इधर पुलिस का कहना है कि वो आरोपी युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

## अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी, कार से 50 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत लगभग 10 लाख रुपये किया गया बरामद

» **पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन मे पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध अभियान चलाकर की जा रही कार्यवाही....**

» **दौरान कार्यवाही प्रकरण का आरोपी वाहन छोड़कर मौके से हुआ फरार,प्रकरण के आरोपी की सरगर्मी से तलाश जारी...**

» **पुलिस टीम द्वारा घटना मे प्रयुक्त मारुती अर्टिगा कार सीजी/10/बीक्यू/7587 किया गया जप्त...**

» **सरगुजा पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त पर प्रभावी नियंत्रण करने हेतु चलाया जा रहा हैं अभियान...**




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,19 जून 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत अवैध मादक पदार्थो की खरीद फरोख्त मे शामिल आरोपियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि थाना कोतवाली पुलिस टीम को दिनांक 18/06/24 को मुखबीर सुचना प्राप्त हुई की मारुती अर्टिगा वाहन क्रमांक सीजी/10/बीक्यू /7587 का चालक वाहन में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर ब्रिकी करने हेतु रायगढ़ रोड से अम्बिकापुर आ रहा है, मुखबीर सुचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए लुचकी घाट के पास पुलिस टीम तैनात कर संदिग्ध वाहन की घेराबंदी की गई थी, संदिग्ध वाहन चालक दूर से ही कार कों छोड़कर मौके से झाड़ियों का सहारा लेकर फरार हो गया , पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध वाहन चालक का पीछा किया गया लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया, तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कार की तलाशी लेने पर कुल 50 किलोग्राम अवैध गांजा कुल किमती लगभग 10 लाख रुपये बरामद किया गया एवं घटना मे प्रयुक्त वाहन मारुती अर्टिगा सीजी/10/बीक्यू/7587 को मौके से बरामद किया गया हैं, प्रकरण मे थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 402/24 धारा 20 (सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं।

प्रकरण मे पुलिस टीम द्वारा आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा हैं, जल्द ही मामले के आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जायगी, सम्पूर्ण मामले मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार,बस स्टैंड प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक देवनारायण सिंह, आरक्षक दीनदयाल सिंह, शिव राजवाड़े शामिल रहे।

## नारी निकेतन के माध्यम से हुई घर वापसी

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,19 जून 2024 (घटती-घटना)।**



महिला बाल विकास विभाग सरगुजा के द्वारा संचालित नारी निकेतन अम्बिकापुर में विगत चार वर्षो से निवासरत महिला सुमेलिया को ग्राम भण्डारदेई, खड़गवां जिला-एमसीबी में पुनर्वास किया गया। उक्त महिला मानसिक रूप से बीमार होने के कारण घर से बिना किसी को बताए 6 वर्ष पूर्व निकल गई थी, जिन्हें उज्जवला गृह जिला कोरिया द्वारा 2021 में नारी निकेतन लाया गया। संस्था द्वारा उक्त महिला के राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी से 1 वर्ष उपचार कराया गया, उपचार उपरान्त वह अपना घर का पता बताने में सक्षम हो पाई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से उक्त महिला के घर का पता चल पाया। उनके माता-पिता से संपर्क करने पर उन्होने स्वयं नारी निकेतन आकर अपनी बेटी को ले जाने की मंशा व्यक्त की। 19 जून 2024 को सुमेलिया के घर वाले 6 वर्ष बाद अपनी बेटी से मिलकर भावुक हो गये। उन्होंने बताया कि वे काफी समय से इसकी तलाश कर रहे थे।इस प्रकार नारी निकेतन के माध्यम से सुमेलिया को फिर से उसका घर मिल पाया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा एनसीसी प्रशिक्षक एव कैडेट्स का किया गया सम्मान

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,19 जून 2024 (घटती-घटना)।**




आज राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री निवास में एनसीसी प्रशिक्षक एवम कैडेट्स के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल भारत देश में एनसीसी के सर्वोच्च पदाधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय के सर्वोच्च पदाधिकारी एवम रायपुर ग्रुप एनसीसी के ब्रिगेडियर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आज उन एनसीसी अधिकारी और कैडेट्स का सम्मान किया किया गया जिन्होंने इस वर्ष पूरे राज्य में एनसीसी से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ कार्य किया है इस अवसर पर राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार को सर्वश्रेष्ठ एनसीसी अधिकारी चुनते हुऐ 50000 रुपए की राशि का चेक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया साथ ही डायरेक्टर जनरल एनसीसी लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह के द्वारा लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार को स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया गया।

## 3000 नग अवैध प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन की तस्करी के मामले में शामिल सह आरोपी प्रतिबंधित इंजेक्शन सप्लाईकर्ता 01 अंतर्राज्जीय आरोपी को किया गया गिरफ्तार

» **आरोपी द्वारा मेडिकल दुकान के आड़ मे अवैध लाभ अर्जन हेतु पूर्व में गिरफ्तार आरोपी कों वाणिज्यिक मात्रा में नारकोटिक्स युक्त इंजेक्शन सप्लाई कर तस्करी मे रहता था शामिल...**

» **मामले में आरोपी कों एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर की जा रही सख्त वैधानिक कार्यवाही...**

» **आरोपी पूर्व मे भी 1750 नग नशीले इंजेक्शन एवं 160 नग कफ सिरफ की तस्करी के मामले मे माल सप्लाई करने पर थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा भेजा गया था जेल...**

» **अवैध नशीले पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध सरगुजा पुलिस का अभियान ऑपरेशन विश्वास आगे भी निरंतर रहेगा जारी...**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,19 जून 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री योगेश पटेल के मार्गदर्शन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमोलक सिंह ढिल्लों एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री रोहित शाह के नेतृत्व मे अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले संदेहियो/आरोपियों पर लगातार सख्ती से कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं,इसी क्रम मे दिनांक 17/06/24 कों थाना गांधीनगर पुलिस द्वारा चठिरमा रोड़ मे वाहनों की सघन जांच के दौरान लटोरी तरफ से आ रही सफेद रंग की ऑल्टो कार क्रमांक जेएच/01/डीसी/3645 का चालक पंकज धर दुबे आत्मज विनोद धर दुबे उम्र 28 वर्ष साकिन अचला नवाडीह थाना गढ़वा झारखण्ड के कब्जे से अलग अलग कार्टून मे कुल 3000 नग अवैध प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन कुल मात्रा 18000 मिली लीटर कुल किमती लगभग 10 लाख रुपये आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया था।



मामले मे पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपी पंकजधर दुबे से जप्त प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन के सम्बन्ध मे विस्तृत पूछताछ एवं माल सप्लाईकर्ता के बारे मे पूछताछ किया गया,जो आरोपी द्वारा बताया गया कि पिछले वर्ष आरोपी का भाई नवलेशधर दुबे थाना गांधीनगर से नशीले इंजेक्शन के परिवहन के प्रकरण में गिरफ्तार हुआ था जो उक्त प्रकरण में माल सप्लाईकर्ता / सह आरोपी संतोष कुमार ज्योति मेडिकल दुकान संचालक चंदवा लातेहार झारखण्ड से उसका परिचय उक्त प्रकरण में अम्बिकापुर आने जाने के दौरान हुआ जिसके बाद वह अम्बिकापुर में नशीले इंजेक्शन की बिक्री हेतु सह आरोपी माल सप्लाईकर्ता संतोष कुमार के खाता में अपने खाता से रूपये ट्रांसफर कर नशीले इंजेक्शन को अम्बिकापुर लाकर खपाता था, आरोपी पंकजघर दुबे के मोबाइल का अवलोकन करने पर उसके मोबाइल में आरोपी संतोष कुमार से नशे के इंजेक्शन के संबंध में व्हॉटसप पर बातचीत होने संबंधी साक्ष्य प्राप्त हुये तथा आरोपी पंकजधर दुबे के खाता से लाखों रूपये आरोपी संतोष कुमार के खाता में ट्रांसफर होना पाया गया, प्रकरण सदर मे शामिल आरोपी संतोष कुमार पूर्व में थाना गांधीनगर के अपराध क्रमांक 01/2023 धारा 22 सी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया था जो वर्तमान में जमानत पर था, जमानत पश्चात् पुनःआरोपी द्वारा नशीले इंजेक्शन को मेडिकल दुकान की आड़ मे बिक्री कर अवैध लाभ अर्जित किये जाने का साक्ष्य प्राप्त होने पर आरोपी संतोष कुमार के सम्बन्ध मे तकनिकी जानकारी प्राप्त कर मामले के आरोपी की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम संतोष कुमार आत्मज कैलाश महतो उम्र 49 वर्ष साकिन रजडेरवा ड़ाल्टेनगंज जिला पलामु झारखण्ड का होना बताया आरोपी का मेडिकल दुकान ज्योति मेडिकल हाल चंदवा लातेहार का संचालक होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर मेडिकल दुकान की आड़ मे नशीला इंजेक्शन सप्लाई कर तस्करी मे शामिल होकर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से थाना गांधीनगर मे अपराध क्रमांक 364/24 धारा 22 (सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत आरोपी कों गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, आरक्षक अतुल सिंह,मनीष सिंह, उमाशंकर साहू, ऋषभ सिंह शामिल रहे।

# बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत के दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर

**ढाका/नई दिल्ली, 19 जून 2024।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर 21 जून से भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर आएंगी।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री की यह यात्रा भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के बाद किसी भी सरकार के प्रमुख की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी।

प्रधानमंत्री के प्रेस विंग की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यात्रा के दौरान दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच एकांतिक बैठक होगी, जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। यात्रा के दौरान बांग्लादेश और भारत मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई समझौतों और समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेंगे।

इसके अतिरिक्त, दोनों पक्ष संभावित व्यापार समझौते पर चर्चा करेंगे।

पिछले एक दशक में,एक मजबूत क्षेत्रीय साझेदारी योजना के हिस्से के रूप में कई सीमा पार पहल शुरू की गई हैं।

यह यात्रा पीएम हसीना की 15 दिनों से कम समय में भारतीय राजधानी की दूसरी यात्रा होगी, क्योंकि वह 9 जून को पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित गणमान्य लोगों में से एक थीं।



प्रधान मंत्री के प्रेस विंग की विज्ञप्ति के अनुसार,वह शुक्रवार दोपहर को अपने दल के साथ हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस की उड़ान में सवार होंगी।

यह उड़ान लगभग 4 बजे (दिल्ली समय) नई दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर उतरेगी।

शाम को, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर प्रधानमंत्री से उनके आवास पर मुलाकात करेंगे।

शनिवार की सुबह, राष्ट्रपति भवन में पीएम हसीना के लिए एक औपचारिक स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा, जहां पीएम मोदी मौजूद रहेंगे। वह गार्ड ऑफ ऑनर का भी निरीक्षण करेंगी।

उसके बाद, वह महात्मा गांधी को उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए राजघाट जाएंगी। वह वहां आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी करेंगी।

उसी दिन बाद में, शेख हसीना प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक-एक बैठक करने के लिए हैदराबाद हाउस जाएँगी, जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी।

दोनों समझौता ज्ञापनों और समझौतों पर हस्ताक्षर समारोह के साक्षी बनेंगे।

उसके बाद, दोनों प्रधानमंत्री अपने प्रेस वक्तव्य देंगे। फिर वे हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रधानमंत्री हसीना के सम्मान में आयोजित भोज में शामिल होंगे।

दोपहर में, प्रधानमंत्री हसीना भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उनके सचिवालय में मुलाकात करेंगी।

शाम को, शेख हसीना राष्ट्रपति भवन में भारत की रराष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगी।

शाम 6 बजे (दिल्ली समयानुसार), प्रधानमंत्री हसीना के भारतीय राजधानी से प्रस्थान करने और लगभग 9 बजे ढाका पहुँचने की उम्मीद है।

# नहले पर दहला: कनाडा की संसद में आतंकी की याद में रखा गया मौन, भारत ने भी उसी भाषा में दिया जवाब

**ओटावा,19 जून 2024।**

भारत के बार-बार कहने के बावजूद कनाडा अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल कनाडा की सरकार खालिस्तानी चरमपंथियों को लुभाने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है। ताजा मामला हरदीप सिंह निज्जर से जुड़ा है। दरअसल कनाडा की संसद में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की याद में मौन रखा गया, जिसके जवाब में भारत ने भी कनाडा को उसी भाषा में जवाब दिया है। कनाडा के वैंकुवर स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास ने 23 जून को एयर इंडिया आंतकी हमले की याद में श्रद्धांजलि सभा के आयोजन का एलान किया है।



वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि भारत, आतंकवाद के पागलपन के खिलाफ है और इस वैश्विक संकट से निपटने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। 23 जून 2024 को एयर इंडिया फ्लाइट 182 (कनिष्क) पर हुए कायराना आतंकी हमले की 39वीं बरसी है, जिसमें 329 मासूम लोगों की जान चली गई थी। मरने वालों में 86 बच्चे भी थे। यह नागरिक उड्डयन के इतिहास की सबसे घिनौनी आतंकी घटनाओं में से एक है। 23 जून, 2024 को वैंकुवर में स्टैनले पार्क में एयर इंडिया मेमोरियल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा संख्या में भारतीय मूल के लोगों को इस कार्यक्रम में आकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखानी चाहिए।

### खालिस्तानी आतंकियों ने दिया था हमले को अंजाम

22 जून 1985 को एयर इंडिया की फ्लाइट 182 ने कनाडा के मॉन्ट्रियल एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। अगले दिन यानी 23 जून 1985 को जब विमान आयरिश हवाई क्षेत्र में उड़ान भर रहा था तो उसमें जोरदार धमाका हुआ और विमान का मलबा टुकड़े-टुकड़े होकर अटलांटिक महासागर में जा गिरा था। इस हमले को ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला लेने के लिए खालिस्तानी आतंकियों ने अंजाम दिया था। हमले में विमान में सवार क्रू समेत सभी 329 लोग मारे गए थे। उल्लेखनीय है कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने कनाडा की सरकार को चरमपंथियों के हमले को लेकर आगाह भी किया था, लेकिन इसके बावजूद कनाडा की सरकार ने सावधानी नहीं बरती और 329 लोगों को कनाडा सरकार की लापरवाही की कीमत चुकानी पड़ी थी। अब एक बार फिर भारत सरकार कनाडा की सरकार को वहां पनप रहे चरमपंथियों को लेकर आगाह कर रही है, लेकिन 1985 की तरह अब भी कनाडा सरकार चरमपंथियों के महिमामंडन में जुटी है।

# थाना मणिपुर अंतर्गत लावारिस पाए गए 65 दुपहिया वाहनों के सम्बन्ध में दावा आपत्ति आमंत्रित

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,19 जून 2024 (घटती-घटना)।**

अनुविभागीय दण्डाधिकारी अम्बिकापुर ने बताया कि थाना मणिपुर अंतर्गत कुल 65 दुपहिया वाहन लावारिस हालत में मिले हैं।इन वाहनों के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति के नाम से पंजीकृत हो तो वाहन स्वामी अपने रजिस्ट्रेशन पत्रक के साथ न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी अम्बिकापुर में कार्यालयीन समय में आकर 15 दिवस के भीतर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर वाहनों के मालिकाना हक से संबंधित किसी प्रकार की दावा आपत्ति नहीं पाए जाने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।





# मन में आस्था के दीप जलाए श्रीराम लला के दर्शन को निकले श्रद्धालु

» सांसद श्री चिंतामणि महाराज के साथ अंबिकापुर और लुण्ड्रा विधायक ने हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को किया रवाना,दर्शनार्थियों को दी शुभकामनाएं...

» दर्शनार्थियों ने जताई बेहद खुशी,कहा छत्तीसगढ़ सरकार ने अपना वादा पूरा किया...



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,19 जून 2024 (घटती-घटना)।**

श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत बुधवार को सरगुजा संभाग के लगभग 850 दर्शनार्थी अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन करने स्पेशल ट्रेन से रवाना हुए। सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने फीता काटकर एवं ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से दर्शनार्थियों को रवाना किया। इस दौरान अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल और लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज, कलेक्टर श्री विलास भोस्कर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सांसद श्री चिंतामणि ने श्रद्धालुओं से ट्रेन के अंदर मुलाकात कर उन्हें श्रीरामलला दर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां शासन द्वारा पहल करके श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्रीरामलला का दर्शन कराने की योजना संचालित की जा रही है। यात्रा के दौरान सभी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### दर्शनार्थियों ने जताई बेहद खुशी,कहा छत्तीसगढ़ सरकार ने अपना वादा पूरा किया

श्रीरामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में भी काफी उत्साह दिखाई दिया। जशपुर से आई श्रद्धालु श्रीमती चिंता देवी ने कहा कि दर्शन हम कर रहे हैं, पर दर्शन कराने वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं, इस दर्शन का फल निश्चित ही श्रद्धालुओं के साथ छत्तीसगढ़ सरकार को भी मिलेगा। सीतापुर, सरगुजा के दर्शनार्थी श्री रामकुमार सोनी बताते हैं कि राम लला का दर्शन करने जा रहे हैं, जिससे वे बेहद खुश हैं। उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री साय का आभार व्यक्त किया।

इसी तरह सपत्नीक श्रीराम लला के दर्शन को जा रहे श्री बुधन सिंह ने कहा कि इस सरकार ने जो वादा किया,उसे पूरा कर रहे हैं और हमें योजना के तहत राम लला के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने इस अवसर के लिए शासन को धन्यवाद किया और खुशी जताई।

बता दें कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के निवासियों को अयोध्या में श्रीरामलला का दर्शन कराने श्रीरामलला दर्शन योजना शुरू की गई है। योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 55 वर्ष से अधिक और 75 वर्ष से कम उम्र के बुजुर्ग योजना का लाभ ले सकते हैं। कलेक्टर श्री विलास भोसकर के मार्गदर्शन में जिले में योजना का संचालन किया जा रहा है।

# विधायक राजेश अग्रवाल ने लोगों को सिकलिंग जांच अवश्य कराने अपील की









» रैली,नुक्कड़ नाटक तथा क्वीज प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

» जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन, 4988 की हुई स्क्रीनिंग जांच तथा 2513 जेनेटिक कार्ड किए गए वितरित

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,19 जून 2024 (घटती-घटना)।**

विश्व सिकसेल जागरूकता दिवस के अवसर पर बुधवार को अम्बिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के माता राजमोहिनी देवी भवन में किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री विलास भोसकर, सीएमएचओ डॉ आर एन गुप्ता, आदिवासी विकास विभाग के उप संचालक श्री डी.पी. नागेश, सिविल सर्जन डॉ जे.के.रेलवानी, सिकल सेल नोडल डॉ. श्रीकांत सिंह, एनसीडी नोडल डॉ शैलेन्द्र गुप्ता, डीपीएम डॉ पुष्पेन्द्र राम, जिला समन्वयक संगवारी कार्यक्रम श्री विश्विजय, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, नर्सिंग के छात्र-छात्राएं तथा आमजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विधायक श्री अग्रवाल ने सिकल सेल के बारे में बताते हुए कहा कि भारत में यह बीमारी जनजाति समूहों में अधिक व्याप्त है और प्रत्येक 86 बच्चों में से एक बच्चे में यह बीमारी पाई जाती है। उन्होंने आमजनों से सिकलिंग जांच अवश्य कराने अपील की। उन्होंने कहा कि विवाह से पूर्व जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विकासखण्ड में प्रदाय सिकल सेल कार्ड का हितग्राहियों को शत-प्रतिशत वितरण कराये जाने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री भोसकर ने बताया कि सिकल सेल अनुवांशिक बीमारी है। उन्होंने आमजनों से ज्यादा से ज्यादा अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से सहयोग प्राप्त कर निःशुल्क सिकलिंग जांच कराने का आह्वान किया ताकि सिकल सेल की बिमारी से आने वाले पीढ़ियों को बचाया जा सके।

# कुसमी इंडियन लीग 2024 रात्रीकालिन क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता कुसमी लांयस को मिला 51 हजार रूपये के साथ ट्राफी



**- संवाददाता -**
**कुसमी,19 जून 2024 (घटती-घटना)।**

हाईस्कूल मैदान में आदित्य बिड़ला हिन्डालको इंडस्ट्रीज के द्वारा कुसमी इंडियन के सदस्यों के सहयोग से रात्रिकालिन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था,जिसका फाईनल मुकाबला मंगलवार के रात्रि में मुख्य अतिथि कुसमी एसडीएम करूण कुमार डहरिया के मौजुदगी में समपन्न हुआ। गौरतलब है कि इस क्रिकेट प्रतियोगिता में 11 टीमों ने हिस्सा लिया था जिसमें विकेश साहू कि टीम कुसमी लांयस और जावेद रहमानी कि टीम कुसमी नाईट राईडर्स टीम फाईनल मुकाबले में पहुॅची, फाईनल मुकाबले के शुरूवात में कुसमी नाईट राईडर्स की टीम टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये 12 ओवर में 81 रन का लक्ष्य रखा था जिसे कुसमी लांयस की टीम ने 7 विकेट से मैंच जीत लिया। वहीं मैंच जीतने के बाद कुसमी लांयस के खिलाड़ियों और सर्मथको ने खेल मैदान में जोरदार आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम करूण कुमार डहरिया के द्वारा खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज का जो खेल था यह सिखाता है कैसे हम एक दूसरे को जोड़ सकते है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी टीमें सभी खिलाडी अपने आप में विजेता है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता से यह सिखना चाहिये कि क्या कमिया अपने अंदर है उसे जान कर दूर कर आने वाले जिस भी खेल में भाग ले तो नई ऊर्जा मिलेगी। फिर एसडीएम ने सभी खिलाडी एवं टीम मालिको को बधाई दी। वही इस प्रतियोगिता में विजेता रही कुसमी लांयस के टीम को 51 हजार रूपये कि राशी के साथ ट्राफी और उपविजेता टीम कुसमी नाईट राईडर्स की टीम को 25 हजार 100 रूपये ट्राफी प्रदान किया गया। मैंच के समापन कार्यक्रम में तहसीलदार शशीकांत दुबे,थाना प्रभारी जितेन्द्र जायसवाल, नगर पंचायत कुसमी के सीएमओ अरविंद विश्वकर्मा, हिन्डालको से राजेश घोष,राजेन्द्र पांडेय, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी टीमो के मालिक सहित काफी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।वही इस प्रतियोगिता के आयोजन में कुसमी इंडियन के प्रदीप मंडल के साथ करीब 40 सदस्यों का महत्वपुर्ण सहयोग रहा।

# आखिर कब तक होता रहेगा ग्रामीणों के स्वास्थ्य से खिलवाड़,चार माह से बंद है उप स्वास्थ्य केन्द्र

**- ओंकार पांडेय -**
**प्रतापपुर (सूरजपुर),19 जून 2024 (घटती-घटना)।**

सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत गोविंदपुर में स्वास्थ्यकर्मियों की मनमानी का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां के उपस्वास्थ्य केंद्र में चार महीने से ताला लटका हुआ है। जिसके कारण गांव की गर्भवती महिलाएं व अन्य मरीज झोलाछाप चिकित्सकों की शरण में जाने को मजबूर बने हुए हैं। ग्रामीणों का एक वीडियो भी इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें वे अपने दर्द को बयां करते नजर आ रहे हैं।

ज्ञात हो कि गोविंदपुर की प्रतापपुर विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में गिनती होती है यहां की गतिविधियों पर प्रशासन की नजर जल्दी से नहीं पड़ती है इसी बात का फायदा यहां के स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा जमकर उठाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां का उप स्वास्थ्य केंद्र लगभग चार माह से बंद पड़ा है। कोई भी स्वास्थ्यकर्मी यहां झांकने तक नहीं आता है। उप स्वास्थ्य केन्द्र को लगातार बंद रखते हुए आए दिन मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे ग्रामीणों को स्वास्थ्य से संबंधित सभी महत्वपूर्ण सुविधाओं से वंचित रखने के घटिया कारनामे को अंजाम देने का कार्य किया जा रहा है। हैरान करने वाली बात तो यह है कि जब पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी की जन्मस्थली कहे जाने वाले गोविंदपुर में स्वास्ध सेवाओं का



यह हाल है तो फिर अन्य गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं का क्या हाल होगा इसी से समझा जा सकता है। उप स्वास्थ्य केन्द्र के बंद रहने से गोविंदपुर की गर्भवती महिलाओं को तो परेशानी हो ही रही है। साथ ही अन्य ग्रामीणों को भी अपनी छोटी छोटी बीमारियों तक के उपचार के लिए वहां से लगभग 35 किलोमीटर स्थित प्रतापपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आना पड़ता है। और जो मरीज अपना उपचार कराने प्रतापपुर नहीं आ पाते वे गोविंदपुर में ही अवैध रूप से क्लीनिक खोल कर बैठे हुए झोलाछाप चिकित्सकों से इलाज कराने लगते हैं। जो कि काफी जोखिम भरा साबित होता है। बहरहाल जो भी हो पर स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा की जा रही इस घोर लापरवाही को देखते हुए आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन से दो टूक लहजे में कह दिया है कि यदि प्रशासन गोविंदपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं की बहाली को लेकर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाता है तो वे आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे।

### ना कोई देखने वाला ना कोई सुनने वाला

ग्रामीणों का कहना है कि जब हम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ देने के लिए स्वास्थ्यकर्मी यहां आना ही नहीं चाहते तो फिर यहां उप स्वास्थ्य केंद्र खोलकर शासकीय राशि के दुरूपयोग करने की क्या जरूरत थी। वैसे भी इस उप स्वास्थ्य केन्द्र का होना न होना बराबर ही है। क्योंकि जिन स्वास्थ्यकर्मियों की यहां ड्यूटी है वे तो अपना फर्ज निभाने कभी आते नहीं। इन्हें तो बस घर में बैठे बैठे मुफ्त की पगार लेने से मतलब है। मरीज जिएं या मरें इस बात से इनका कोई लेना देना नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां के उप स्वास्थ्य केन्द्र में हमेशा ताला लटके रहने की शिकायत क?ई बार प्रशासन से कर चुके हैं पर हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यहां की स्थिति को न तो कोई देखने वाला है और न कोई सुनने वाला है। आखिर हम जाएं भी तो कहां जाएं।

इस विषय को लेकर सूरजपुर जिले के सीएमएचओ आरएस सिंह का कहना है कि ऐसा कर्मचारियों की कमी के कारण हो रहा है। चार माह पूर्व यहां की सीएचओ ने इस्तीफा दे दिया था। जिसके कारण अब यहां एक ही महिला कर्मचारी है। महिला कर्मचारी को मंगलवार व शुक्रवार को टीकाकरण करने फील्ड में जाने के अलावा उन्हें सिकलिन की जांच करने की भी जिम्मेदारी मिली हुई है। सीएमएचओ आरएस सिंह ने ग्रामीणों द्वारा लगाए जा रहे आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि वहां जिस एकल महिला कर्मचारी की ड्यूटी है वह गोविंदपुर में ही रहती है और टीकाकरण व सिकलिन जांच वाले दिनों को छोड़कर बाकी के दिनों में उप स्वास्थ्य केन्द्र में बैठती है तो फिर कैसे माना जा सकता है कि उप स्वास्थ्य केन्द्र चार माह से बंद है।

CMYK

# 32 लाख के धान खरीदी में घोटाला आया सामने,कागजों में हुई धान खरीदी

जांच प्रतिवेदन, आरटीआई एक्टिविस्ट राकेश बर्मन ने सूचना के अधिकार से निकाला जांच प्रतिवेदन...

## धान खरीदी घोटाला में कई राइस मिलर सहित अधिकारी व राइस मिलर संगठन के पदाधिकारी शामिल

- » जनप्रतिनिधि धान खरीदी घोटाले में शामिलःसूत्र...
- » इतने बड़े घोटाले की फाइल आखिर क्यों दवा रखी है?
- » कांग्रेस सरकार के समय के घोटाला भाजपा सरकार में दबा हुआ है क्यों?...क्या बीजेपी का भी मिल रहा संरक्षण?

- रवि सिंह -

**एमसीबी,19 जून 2024 (घटती-घटना)।** धान खरीदी में हर साल घोटाले होते हैं खबरें भी प्रकाशित होती है आरोप भी लगते हैं पर जांच ठंडे बस्ते में पड़ा रहता है,क्योंकि उस पर कोई ध्यान नहीं देता और लोकतंत्र का चौथा स्तंभ खबर प्रकाशित करने के बाद शांत हो जाता है । फिर उसे मामले में कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखता, जिस वजह से भ्रष्टाचार करने वाले बच निकलते हैं या फिर मामला लंबे समय तक दबा रहता है। एक बार फिर धान खरीदी में घोटाले की बात सामने आ रही है जो आरटीआई कार्यकर्ता के माध्यम से सामने आया है, जिसमें 32 लाख धान खरीदी में घोटाला हुआ है जो सिर्फ कागजों में ही धान खरीदी है। बाकी वास्तविकता स्थिति तो कुछ और ही है । आश्चर्य की बात तो यह है कि एक घोटाला तत्काल सरकार में हुआ था पर नई सरकार में इस घोटाले को अधिकारी उजागर नहीं कर पा रहे हैं ऐसा लग रह इस घोटाले में पक्ष-विपक्ष दोनों के लोग मिले हुए हैं। फाइल दबाकर बैठे हुए हैं? फाइल पर कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा ऐसा सामने आ रहा है। फाइल दबी रहे इस पर एक मंत्री की भी मनसा है जिनका खुद का राइस मिल। जानकारी के मुतविक जनवरी 24 में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोटाडोल के धान उपार्जन केन्द्र रांपा में धान खरीदी में भरतपुर तहसीलदार के साथ खाद्य अधिकारियों की टीम ने जांच की थी और अब उसका जांच प्रतिवेदन सामने आया हैं। इनसाईड स्टोरी मामले में बड़ा खुलासा कर रहा है। जांच प्रतिवेदन में कई चौकाने वाले तथ्य सामने आए है, अब सवाल यह खड़ा हो रहा है कि आखिर एमसीबी जिला प्रशासन में ऐसा कौन अधिकारी है जो इतने बड़े भ्रष्टाचार की फाइल को दबा कर रखा है, क्योंकि इस खेल में पक्ष विपक्ष के साथ कई बड़े रसूखदार अधिकारी और मिलर भी शामिल है, यदि प्रबंधक पर गाज गिरी तो कई मिलरों के साथ कई अधिकारियों पर भी कार्यवाही तय है। यही कारण है कि प्रबंधक पर अब तक कार्यवाही शिफर है।

### भाजपा सरकार बनते ही भरतपुर तहसीलदार और कुछ अधिकारियों की टीम ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोटाडोल के धान उपार्जन केन्द्र पहुची थी...

शायद आपको याद हो भाजपा की नई सरकार बनने के बाद भरतपुर तहसीलदार और उनके साथ कुछ अधिकारियों की टीम ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोटाडोल के धान उपार्जन केन्द्र रांपा ने मौके पर पहुच कर धान की बोरियों की गिनती की थी, इसके साथ कर्मजी स्थित धान खरीदी केन्द्र की भी जांच की थी, उसके बाद उन्होने इसका जांच प्रतिवेदन एसडीएम भरतपुर सहित एमसीबी जिले के कलेक्टर और कई अधिकारियों को भेजा था और कार्यवाही की अनुशंसा की थी, मामले की जानकारी मिलते ही समालिक कार्यकर्ता और आईटीआई एक्टिविस्ट राकेश बर्मन ने सूचना के अधिकार के तहत जांच प्रतिवेदन हासिल करने में सफलता पाई।

### आरटीआई से मिला जांच प्रतिवेदन

आरटीआई एक्टिविस्ट राकेश बर्मन ने जब मामले की जानकारी के लिए एसडीएम भरतपुर में आवेदन लगाया तो वहां इस प्रतिवेदन के नही होने की जानकारी बताई गई,जबकि जांच प्रतिवेदन एसडीएम भरतपुर को भेजा गया था, जिसके बाद बड़ी मशक्कत से खाद्य अधिकारी के कार्यालय से जांच प्रतिवेदन उन्हे मिल पाया, इधर, उन पर एक ऑडियो वायरल कर राशि मांगे जानें का आरोप लगाया गया, जबकि जब यह ऑडियो रिकार्ड किया गया तब इसकी शिकायत नहीं की गई,वहीं आरटीआई एक्टिविस्ट ने बिना जानकारी उनकी बातों को रिकार्ड करने निजता के हनन को लेकर पुलिस मे शिकायत की है, उनका कहना है कि यदि मै गलत हूं तो मेरे खिलाफ कार्यवाही हो,परन्तु जांच प्रतिवेदन में दोषी प्रबंधक को कौन बचा रहा है, अब तक उसके खिलाफ एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई है।

### जांच प्रतिवेदन में कम पाया गया धान

दिनांक 11.01.2024 को तहसीलदार भरतपुर द्वारा धान उपार्जन केन्द्र रांपा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केन्द्र में ऑपरेटर अमित कुमार गुप्ता, समिति सहायक रवि कुमार यादव उपस्थित थे। दिनांक 11.01.2024 को मिल एमएस कल्पतरु एग्रो इंडस्ट्रियल लालपुर मनेन्द्रगढ़, गारो कोरिया (एमए 532021) सीजी 16 सीपी 917 डीओ क्रमांक डीओ 2024017101232 के द्वारा 350 क्विंटल,एमएस कल्पतरु एग्रो इंडस्ट्रीज लालपुर मनेंद्रगढ़ गारो कोरिया (एमए532021) ट्रक क्रमांक सीजी 04-एच एस-7019 डीओ क्रमांक डीओ 02024017101440 260 क्विंटल, एमएस कल्पतरु एग्रो इंडस्ट्रीज लालपुर मनेंद्रगढ़ गारो कोरिया (एमए532021) ट्रक क्रमांक सीजी15-एसी- 4089 डीओ कामांक डीओ 020240 11701440 द्वारा 350 क्विंटल, डै एमएस कल्पतरु एग्रो इंडस्ट्रीज लालपुर मनेंद्रगढ़ (एमए 532700) ट्रक नम्बर सीजी 16-ए 2043 को डीओ 2024017101442 के द्वारा 260 क्विंटल जारी करना पाया गया। समिति के ऑपरेटर से दिनांक 11.01.2024 तक की खरीदी का ऑनलाईन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया जिसमें समिति के ऑपरेटर अमित गुप्ता द्वारा दिनांक 11.01.2024 का रिपोर्ट प्रस्तुत किया जिसमें वर्तमान में उपलब्ध की खरीदी मात्रा 4516 क्विंटल (11290 बोरा) प्रविष्टि पाया गया। ऑन लाईन रिपोर्ट में प्रविष्टि 11290 बारदाना के आधार पर मौके पर भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें मौके पर कम धान पाया गया था जिसका दिनांक 12.01.2024 को खाद्य निरीक्षक भरतपुर भूपेन्द्र राज सहित पुनः भौतिक सत्यापन व मौका जांच क्रिया गया।



### इन बिन्दुओं पर हुई जांच

जांच दिनांक 11.01.2024 आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोटाडोल के उपार्जन केन्द्र रांपा में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटर अमित गुप्ता द्वारा प्रस्तुत धान खरीदी की ऑनलाईन रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 10.01.2024 तक कुल 9836 क्विंटल धान खरीदी की गई है. जिसमें से 5320 क्विंटल धान मिल को जारी किया जा चुका है तथा उपार्जन केन्द्र में 4516 क्विंटल (11290 बारदाना) समिति में शेष है। शेष 4516 क्विंटल (11290 बारदाना) में से दिनांक 11.01.2024 को ट्रक नम्बर सीजी-16-सीपी-917 वीडियो क्रमांक डीओ 0202401 7101232 के द्वारा 350 क्विंटल, 2. ट्रक नम्बर सीजी04-एचएस-7019 को डीओ क्रमांक डीओ 02024017 101440 के द्वारा 260 क्विंटल,, ट्रक नम्बर सीजी 15-एसी-4089 को डीओ क्रमांक डीओ0 2024011701440 के द्वारा 350 क्विंटल., ट्रक नम्बर सीजी 16-ए-2043 को डीओ 2024017 101442 के द्वारा 260 क्विंटल जारी पाया गया। उपरोक्त चारों डी.ओ. धान की कुल मात्रा 1220 क्विंटल (3050 बारदाना) जारी किया गया है। दिनांक 11.01.2024 को जारी डी.ओ. धान की कुल मात्रा 1220 क्विंटल (3050 बारदाना) को दिनांक 10.01.2024 की स्थिति में उपार्जन केन्द्र में शेष धान 4516 क्विंटल (11290 बारदाना) में घटाने पर उपार्जन केन्द्र में 3296 विवंटल (8240 बारदाना) शेष होना चाहिए लेकिन समिति ऑपरेटर अमित गुप्ता द्वारा दिनांक 12.01.2024 को प्रस्तुत धान खरीदी के ऑनलाईन रिपोर्ट में 3192.4 क्विंटल (7981 बारदाना) धान की प्रविष्टि की गई है। इस प्रकार ऑनलाईन व ऑफलाईन पंजी में 259 बारदाना (103.6 क्विंटल) धान का अंतर पाया गया।

### भौतिक सत्यापन में धान और बारदाना दोनो कम

समिति में रखे धान से भरे बारदाना का भौतिक सत्यापन करने पर धान उपार्जन केन्द्र रांपा के परिसर में स्थित वन विभाग के बने चार शासकीय आवास में लगभग 3300 बारदाना तथा बाहर स्टॉक में 2300 बारदाना कुल 5600 बारदाना मौके पर पाया गया जो धान उपार्जन केन्द्र में संधारित पंजी में प्रविष्ट धान की मात्रा 7981 बारदाना से 2381 बारदाना कम है तथा दिनांक 11.01.2024 को अमित गुप्ता द्वारा प्रस्तुत धान खरीदी के ऑनलाईन रिपॉट जिसमें उपार्जन केन्द्र में शेष धान की मात्रा 4516 क्विंटल (11290 बारदाना) से 2640 बारदाना कम पाया गया।

### कागजों में धान भेजा


कम्प्यूटर ऑपरेटर अमित गुप्ता द्वारा दिनांक 11.01.2024 को प्रस्तुत डी.ओ. क्रमांक 2024017101440 ट्रक क्रमांक सी.जी.04 एचएस 7019 को 260 क्विंटल तथा डी.ओ. क्रमांक 2024017101440 ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 4089 को 350 क्विंटल का मिलर एंट्री गेट पास प्रस्तुत किया गया है जबकि दिनांक 11.01.2024 को जारी मिलर को घान प्रदाय विवरण की ऑनलाईन रिपोर्ट में ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचएस 7019 को कोई धान प्रदान नहीं किया गया है। इस प्रकार समिति के ऑपरेटर अमित गुप्ता द्वारा डी.ओ. क्रमांक 2024017101440 को 260 क्विंटल धान को प्रदाय न किया जाकर डी.ओ. क्रमांक 2024017101441 को प्रदान किया जाकर अनियमितता की गई है। दिनांक 10.01.2024 तक ऑपरेटर अमित गुप्ता द्वारा प्रस्तुत धान खरीदी की ऑनलाईन रिपोर्ट के अनुसार मिलर्स को जारी धान की मात्रा 5320 क्विंटल था तथा दिनांक 11.01.2024 को मिलर्स को जारी धान की मात्रा 1220 क्विंटल है। इस प्रकार दिनांक 12.01.2024 तक मिलर्स को कुल 6540 क्विंटल धान जारी किया गया है लेकिन समिति ऑपरेटर द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में 6630 क्विंटल धान जो की 6540 क्विंटल से 90 क्विंटल कम है।

### बिना धान के सैपल जांच के टोकन

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सेवा कोटाडोल के उपार्जन केन्द्र रांपा के प्रबंधक के सहयोगी के रूप में कार्यरत से पुछताछ किया गया व उसक शपथपूर्वक कथन अंकित किया गया जिसमें द्वारा बताया गया कि समिति में बिना धान सैंपल जांच के धान का टोकन काट दिया जाता है। धान बेचने आये किसानों का धान नमी (14 से 17 आर्द्रता) अधिक होने पर 41200 ग्राम/ प्रति बोरा एवं नमी सामान्य (14 से 17 आर्द्रता के बीच) होने पर 40800 ग्राम/ प्रति बोरी खरीदा जाता है। जिसकी पुष्टि कृषक परमजीत बैगा एवं कुंवार सिंह द्वारा बयान से होता है। जो कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोगता संरक्षरण विभाग द्वारा जारी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के दिशा निर्देश/आदेश का उल्लंघन है। वहीं धान उपार्जन केन्द्र में कार्यरत श्री शैलेष मिश्रा जिसे बारदाना प्रभारी के रूप में पदस्थ हैं जिससे पुछताछ करने पर बयान दिया गया है कि दिनांक 11.01.2024 रात्रि 10.30 बजे तक उपार्जन केन्द्र से तीन ट्रक मिलर्स का धान भरकर गया है उसके बाद कोई ट्रक नहीं आया है।

### जांच प्रतिवेदन का निष्कर्ष क्या है...

उपरोक्त जांच बिन्दु व तथ्यों से यह स्पष्ट है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोटाडोल के उपार्जन केन्द्र के प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमित गुप्ता, प्रबंधक प्रबंधक द्वारा धान खरीदी के लिए रखे गए सहयोगी द्वारा धान खरीदी कार्य में भारी लापरवाही करते हुए 2640 बारदाना (1056 क्विंटल) का खरीदी दिखाकर 32,73,600/- (बत्तीस लाख तिहत्तर हजार छः सौ रूपये) की शासकीय राशि का हेराफेरी किया जाकर शासकीय कोष को क्षति कारित किया जाना प्रतीत होता है तथा समिति प्रबंधक रमाकांत पाण्डेय व ऑपरेटर अमित गुप्ता द्वारा उपार्जन केन्द्र में संधारित पंजी व ऑनलाईन प्रविष्टि में भारी गड़बड़ी की गई है। अतः आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोटाडोल के उपार्जन केन्द्र के प्रबंधक,कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री अमित गुप्ता,धान खरीदी के लिए प्रबंधक के सहयोगी को धान खरीदी केन्द्र से पृथक करने उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही तथ मिलर्स के भण्डार का भौतिक सत्यापन कराया जाकर अवैध धान की जप्ती की अनुसंशा सहित प्रतिवेदन कलेक्टर महोदय जिला-मनेन्द्रगढ़-विरमिरी-भरतपुर शा ग.) की ओर भेजा गया।



### जांच प्रतिवेदन में जांच बिन्दु के आरोप में निम्नांकित तथ्य विचारणीय

**सवाल 1- क्या आ.जा. सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक द्वारा केवल कागजों में खरीदी की गई है जबकि भौतिक/वास्तविक रूप से कोई धान नहीं खरीदा गया ?**

**जिसका संभावित उत्तर-** जांच बिन्दु क्रं. 1 के अनुसार ऑनलाईन रिपोर्ट में एण्ट्री 8240 बारदाने तथा भौतिक सत्यापन में पाये गये 5600 बारदाना जिसमें 2040 बारदाने का कम पाया जाना,प्रथम दृष्ट्या यह स्पष्ट है कि समिति प्रबंधक व ऑपरेटर द्वारा वास्तविक रूप से धान क्रय न किया जाकर केवल कागजों में ही धान खरीदी की गई है।

**सवाल 2- क्या उपरोक्त जांच बिन्दु में पाई गयी अनियमितता में मिलर्स की भूमिका संदेह से परे हैं ?**

**जिसका संभावित उत्तर-** धान उपार्जन केन्द्र में कार्यरत चौकीदार शैलेष मिश्रा का यह बयान कि दिनांक 11.01.2024 रात्रि 10.30 बजे तक उपार्जन केन्द्र से तीन ट्रक मिलर्स का धान भरकर गया है उसके बाद कोई ट्रक नहीं आया है कथन लेख कराना तथा धान उपार्जन केन्द्र के प्रबंधक व ऑपरेटर द्वारा चार ट्रक मिलर्स को जारी किये जाने का रिर्पोर्ट प्रस्तुत करना यह स्पष्ट करता है कि धान खरीदी में पायी गई अनियमितता में मिलर्स की संलिप्तता को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। मिलर्स दो प्रकार से प्रबंधक से साठ-गांठ कर सकता है, मिलर्स द्वारा वर्ष भर छोटे-मोटे बिचौलियों से पी.डी.एस. के चावल को संग्रह कर नया कस्टम मिलिग चावल के रूप में दर्शा के प्रबंधक से कागजीय रूप से डी.ओ. जारी करा सकता है। मिलर्स द्वारा बिचौलियों से राज्य द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य से कम दर पर धान क्रय भंडारित धान को उपार्जन केन्द्र के धान के रूप में दिखाकर समिति प्रबंधक व ऐसे किसानों से सांठ-गांठ कर जो धान विक्रय नहीं करते के खाते से न्यूनतम समर्थन मूल्य की दर से शासकीय राशि का आहरण कर अनियमितता को अंजाम दे सकता है।



**युवक की हत्या के बाद शोकाकुल परिवार से मिलकर नगरवासियों ने आर्थिक सहायता प्रदान की**

- संवाददाता -

**लखनपुर, 19 जून 2024 (घटती-घटना)।** लखनपुर नगर अन्तर्गत गत 15 जून को नगरवासियों को स्तब्ध कर देने वाली घटना के बाद मृतक मुकेश यादव के परिवार के सहयोग के लिए लखनपुर बज़ारपारा निवासीयों ने मृतक के परिवार के सहयोग के लिएअपना हाथ बढ़ाया हैं जहां उन्होंने सहयोग राशि एकत्रित कर परिवार को दिया है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की मदद हो सके। इस दौरान सहयोग राशि एकत्रित कर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की गई। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले एक स्थानीय युवक के द्वारा ही मृतक मुकेश यादव की निर्मम हत्या कर दी गई थी। चूँकि मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है जिसके बाद नगर के बज़ारपारा निवासियों ने सहयोग राशि प्रदान किया ।

# मनेद्रगढ़ में अवैध जुआ,सट्टा का साम्राज्य पुलिस की निष्क्रियता या मिलीभगत से है संचालित

- राव सिंह -

**मनेद्रगढ़,19 जून 2024 (घटती-घटना)।** मनेद्रगढ़ जो जिला मुख्यालय का शहर है, इन दिनों अवैध जुआ सट्टा के कारोबार के लिए कुख्यात हो चुका है। शहर के विभिन्न हिस्सों में खुलेआम सट्टेबाजी का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है, लेकिन पुलिस इस पर लगाम लगाने में पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। शहर में अवैध सट्टेबाजी के इस गोरख धंधे का मुख्य सरगना पंकज को माना जाता है। उसके खिलाफ कई गंभीर आरोप लगे हैं,लेकिन पुलिस अब तक उसे गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। शहर के हर हिस्से में अवैध सट्टेबाजी की जानकारी आम जनता के बीच चर्चा का विषय बन चुकी है। जब भी किसी सट्टेबाज की सूचना पुलिस को दी जाती है,आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो जाता है। यह स्थिति पुलिस की निष्क्रियता या फिर उनकी मिलीभगत की ओर इशारा करती है? पुलिस की इस कोताही के पीछे कई सवाल उठते हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि पंकज गुप्ता की राजनीतिक पकड़ इतनी मजबूत है कि उसकी गिरफ्तारी से कई अन्य बड़े नाम भी बेनकाब हो सकते हैं?



क्या पुलिस मुख्य खाईवाल को इसलिए नहीं पकड़ रही कि पुलिस की भी पोल न खुल जाए? मनेद्रगढ़ की जनता इस स्थिति से बेहद त्रस्त हो चुकी है। अवैध सट्टेबाजी का यह कारोबार केवल समाज में अपराध को बढ़ावा नहीं दे रहा है, बल्कि युवाओं को भी गलत दिशा में प्रेरित कर रहा है। यह सामाजिक संकट न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य को भी दांव पर लगा रहा है।इस विकट स्थिति में यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि शासन-प्रशासन इस मामले पर त्वरित और सख्त कार्रवाई करे। इस गंभीर मसले की निष्पक्ष जांच के लिए एक स्वतंत्र जांच आयोग का गठन होना चाहिए,जो पुलिस और अन्य संबंधित अधिकारियों की भूमिका की गहनता से जांच करे। जांच आयोग की रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि समाज में अवैध सट्टेबाजी और अपराध की रोकथाम हो सके।

# बिजली विभाग की आंख मिचौली से गर्मी में बढ़ी लोगों की मुसीबत...कई रात लोगों को गुजारना पड़ रहा है अंधेरे में पर जिम्मेदार सो रहे इनवर्टर में

## » 500 से 1000 रुपए लेने के बाद ही उपभोक्ताओं की बिजली समस्या का किया जाता है निराकरण

**» विभाग का एक कर्मचारी जो पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में जमा है,दर्जनों अवैध कनेक्शन की करता है खुद वसूली,उपभोक्ताओं से करता है दुर्व्यवहार...**

**» ब्रेकडाउन की स्थिति में पैसा का सौदा करने के बाद ही ठेका कर्मियों को विद्युत सुधार करने भेजता है उनके घर:सूत्र**

**» पूरे चिरमिरी क्षेत्र में बिजली विभाग के कर्मचारी कर रहे हैं उपभोक्ताओं से नाजायज वसूली**




**- रवि सिंह -**
**चिरमिरी 19 जून 2024 (घटती-घटना)।**

एक तरफ उमस भरी गर्मी उसे बीच बिजली विभाग की उदासीनता बनी लोगों के लिए मुसीबत...उमस भरी गर्मी के बीच बिजली की आंख मिचौली में लोगों को दिन काटना काफी भारी पड़ रहा है पर वही जिम्मेदार इनवर्टर में चैन की नींद सो रहे है चिरमिरी क्षेत्र में लोग बिजली के आंख मिचोली से बेहद परेशान हो चुके हैं, गर्मी अपने चरम पर है और ऊपर से बिजली गोल लोगों का जीवन काटना दुभर हो गया है, जानकार सूत्रों की मानें तो चिरमिरी क्षेत्र में विद्युत विभाग के कर्मचारियों का आतंक किसी से छुपा नहीं है यदि कहीं पर बिजली गोल होने की खबर इनको दी जाती है तो यह पहले सौदेबाजी करते हैं और बिना पैसे लिए यह उपभोक्ता को सेवा देने में आनाकानी करते हैं और नए नए किस्म के बहाने बताकर लोगों को पहले बिजली आज नहीं बन पाएगी कहकर डरवाते हैं उसके बाद उनसे पैसे की नाजायज उगाही करते हैं, इस गर्मी में जहां आम नागरिक परेशान है वह कुछ पैसे देकर किसी तरह बिजली के और उसके परिवार को मिल जाए पैसे देने में नहीं कतराता, विभाग में वाणी नामक एक कर्मचारी कई अवैध कनेक्शन बनता है और उनकी वसूली वह खुद करता है कई बड़े कनेक्शन है जिसमें हैवी वर्क चल रहे हैं ऐसे कई दर्जन कनेक्शन क्षेत्र में चल रहे हैं यदि बारीकी से जांच हो तो बड़ी चोरी उजागर हो सकती है, यह भ्रष्टाचारी कर्मचारियों के चर्चे क्षेत्र में जोरों पर है,लाखों रुपए यह महीने वसूली करता है।

उल्लेखनीय रहे कि पिछले चार-पांच माह से आखिर क्या वजह हो गई की बिजली पूरे क्षेत्र में हर दो-तीन घंटे में कट जा रही है गर्मी भी अपने शबाब पर है लोगों का जीवन काटना मुश्किल हो गया है विभाग में कार्य कर रहे श्रमिकों से मिल रही जानकारी के अनुसार मेंटेनेंस का बड़ा अभाव है विद्युत सप्लाई में बहु उपयोगी सामग्रियों की बड़ी कमी है क्षेत्रीय स्टोर विश्रामपुर में यदि कोई सामग्री 10 मांगी जाती है तो सिर्फ 2 दी जाती है या एक देकर के टरका दिया जाता है उपयोगी सामग्री सरलता से नहीं मिलने के कारण विद्युत वायर पल ट्रांसफार्मर इंसुलेटर सहित अन्य मेंटनेश के ठोस कार्य नहीं होने से बार-बार ब्रेकडाउन की स्थिति निर्मित हो रही है ठेका श्रमिकों के भरोसे पूरा कार्य किया जा रहा है विभागीय कर्मचारी अब डायरेक्टर और इंजीनियर बन बैठे हैं सिर्फ आदेश करते हैं और ठेका श्रमिकों को इधर-उधर घूमते देखे जा सकते हैं विद्युत विभाग के कर्मचारी जो अब अपनी मर्जी के मालिक बन बैठे हैं अब वह मनमानी और उगाही पर उतारू हो गए हैं विद्युत मेंटेनेंस या अन्य किसी भी कार्य के लिए उपभोक्ताओं से सीधे सौदेबाजी करते हैं और पैसे मांगते हैं।

### मेंटेनेंस के एवज में विद्युत उपभोक्ताओं से उगाही

मेंटेनेंस के एवज में विद्युत उपभोक्ताओं से उगाही करते हैं, पोंडी हल्दीबाड़ी क्षेत्र के एक उपभोक्ता के मुताबिक यदि वाणी नाम के भ्रष्टाचारी विद्युत कर्मचारी से बिजली मेंटेनेंस के लिए उससे बात किया जाए तो सबसे पहले वह तो ढेर सारा काम आज नहीं कर सकते उसका बहाना बताता है और फिर कहता है कि हल्दीबाड़ी स्थित कार्यालय में आप अपना कंप्लेंन दर्ज करवा दो जब कभी आपका नंबर आएगा हम विद्युत मेंटेनेंस कर देंगे, आपसे पहले भी कई कंप्लेंट दर्ज हैं क्रमशः काम किया जाएगा जैसे ही उपभोक्ता कई दिन का नाम सुनता है वह इस गर्मी में डर सा जाता है उपभोक्ता उसे विनती करने लगता है की बिजली आपूर्ति प्रारंभ करवा दो तो थोड़ी देर बाद वह फोन करके बोलता है कि मैं बिजली वाले जो ठेका कर्मचारी हैं उनसे से बात किया हूं उनको लिए कुछ खर्चा करना पड़ेगा इस तरह से वह हर एक मेंटेनेंस में 500 से1000 वसूली कर रहा है, स्थानीय नागरिकों ने जब इस वसूलीबाज लाइनमैन का विरोध किया तो इसके स्थान पर एक बेहद शराबी किस्म के व्यक्ति की ड्यूटी लगा दी गई, वह तो फोन ही रिसीव नहीं करता था अंत में यह जुगाड़ लगाकर फिर से इसी क्षेत्र में अपनी ड्यूटी लगवा ली है और लोगों के मजबूरी का फायदा जमकर उठा रहा है उपभोक्ताओं ने इसकी शिकायत जेई से भी की है लेकिन के उसे पर कार्यवाही करने के बजाय शिकायतकर्ता का नंबर ही दे दिए, अब शिकायतकर्ता का जब भी बिजली या अन्य मेंटेनेंस कार्य आता है तो वह कई कई दिन तक उसे घूमा ते रहता है और कहता है की कंप्लेंट कर दो मेरा ऊपर और मेरा ट्रांसफर करवा दो, मैं वैसे भी आप लोग से ऊब चुका हूं, मैं जांजगीर चंपा जाना चाहता हूं और आप लोग यदि हो सकता है तो मेरा ट्रांसफर कर दो ऐसा उल्टा ही धमकता है और मनमानी कर लोगों को परेशान कर रहा है और जमकर के उगाही कर रहा है इसकी शिकायत पूर्व विधायक से भी की गई थी लेकिन वहां भी सेटिंग बनाकर अपनी जगह में या लगातार जमा हुआ है।

# डॉ.महंत व सांसद 20 जून को रामपुर विधानसभा के प्रवास पर

**- संवाददाता -**
**कोरबा,19 जून 2024 (घटती-घटना)।**

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत व कोरबा लोकसभा की नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत दूसरी बार सांसद निर्वाचित होने के बाद 20 जून को रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर पहली बार पहुंचेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 20 जून को उरगा (सलिहाभांठा) में सुबह 11 बजे सम्मेलाल जगत पूर्व सरपंच के निवास में कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर आभार प्रकट करेंगे। दोपहर 12.30 बजे भैसमा में स्व. पितांबर सिंह कंवर के परिवार से मुलाकात कर शोक व्यक्त करेंगे। तत्पश्चात 1.30 बजे नोनबिर्रा रेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर आभार प्रकट करेंगे। दोपहर 3 बजे ग्राम घिनारा में पूर्व सरपंच जीवित लाल राठिया के निवास में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामपुर विधानसभा के विधायक फूल सिंह राठिया, जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण के अध्यक्ष अजीत दास महंत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी करतला के अध्यक्ष दौलत राम राठिया, बरपली ब्लॉक की अध्यक्ष श्रीमती हर कुमारी बिंझवार, युवा कांग्रेस रामपुर विधानसभा के अध्यक्ष शिवम राय, कांग्रेस समर्पित पंचायत प्रतिनिधि एवं समस्त प्रकोष्ठ के अध्यक्ष,पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे।



# दीदी नीलम आनंद के 19 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**- संवाददाता -**
**रामानुजगंज,19 जून 2024 (घटती-घटना)।**





रामानुजगंज नगर के रिंग रोड में स्थित शिव चर्चा के शेड शिव शिष्य दीदी नीलम आनंद के 19 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं शिवकर समिति के जिला अध्यक्ष पंचम कुशवाहा के उपस्थिति में आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में शिव शिष्य परिवार के लोग उपस्थित थे सभी ने उनके बताएं रास्ते पर चलने का भी संकल्प लिया कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बाउंड्री वालों के लिए 2 लाख रुपय,20 सीलिंग फैन एवं वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि दीदी नीलम आनंद का पूरा जीवन मानवता के भलाई के लिए समर्पित रहा। उन्होंने शिव को गुरु बनाकर जो सूत्र हम सबको दिए उसका पालन करना चाहिए। मुझे जब-जब मौका मिलता है मैं शिव चर्चा मैं सम्मिलित होता जरूर हु। शिव शिष्य भाइयों के हर सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं इसके पूर्व नगर में पहला शिव चर्चा के लिए चबूतरा का निर्माण कराया गया था। वही आपकी आवश्यकता को देखते हुए यहां पर बाउंड्री वालों के लिए 2 लाख रुपय,20 सीलिंग फैन एवं वाटर कूलर लगवाया जाएंगा। जिला शिव कार्य समिति के अध्यक्ष पंचम कुशवाहा ने कहा कि शिव को गुरु बनाइए, शिव गुरु से दया मांगे, शिव गुरु की चर्चा कीजिए यह सूत्र जो हम सबको शिव शिष्य दीदी नीलम आनंद से प्राप्त हुआ है उसका पालन करना चाहिए। नमः शिवाय मंत्र से गुरु शिव को प्रणाम कीजिए। दीदी नीलम आनंद के पुण्यतिथि के अवसर पर वृक्षारोपण एवं भंडारे का विभाजन किया गया वहीं शिव शिष्य परिवार के लोगों के द्वारा वृक्षारोपण करने की अपील सभी से की गई ताकि वातावरण हरा भरा एवं शुद्ध रहे।

# नगर पालिक निगम दर्री क्षेत्र के दो बड़े अधिकारियों को ए.सी.बी ने घूंस लेते पकड़ा,घर की भी ली गई तलाशी

**- संवाददाता -**
**कोरबा,19 जून 2024 (घटती-घटना)।**

बीते दिन जिले के दर्री क्षेत्र नगर पालिक निगम में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) बिलासपुर की टीम ने दो बड़े अधिकारियों पर की सख्त कार्यवाही। बताया गया के यह कार्यवाही निगम के कार्यरत ठेकेदार से 42000 रुपए घुंस लेने पर की गई । ठेकेदार द्वारा किए गए कार्यों के अंतिम बिल को पास करने के एवज में दो अधिकारियों द्वारा घुंस की मांग की गई थी । जिसपर एसीबी विभाग ने नगर निगम जोन दफ्तर कार्यवाही करते हुए रंगे हाथ दो अधिकारियों को पकड़ने के बाद उनके घर लेकर पहुंची, जहां पहले से एसीबी के जवानों की तैनाती की गई थी। इस अचानक हुए कार्यवाही से अन्य अधिकारियों में मच गया है हड़कंप । मामले में विस्तार पूर्वक जानकारी अनुसार उक्त मामला नगर पालिक निगम कोरबा के अधीनस्थ दर्री जोन कार्यालय का है। बताया जा रहा हैं की निगम अधिकारी (एसडीओ) डी.सी. सोनकर ने प्रार्थी मानक राम साहू (ठेकेदार) से निर्माण कार्य संबंधित उपयोग भुगतान किए गए, रनिंग बिल व फाइनल बिल की राशि जो लगभग 21 लाख रुपये में से 2 प्रतिशत कमीशन की मांग की गई थी। जो कि कुल 42 हजार रुपये हो रही थी। लेकिन प्रार्थी द्वारा रिश्वत नहीं देने का मन बनाकर इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में की गयी। शिकायत पर सत्यापन कराए जाने पर कथित आरोपी सोनकर द्वारा 42000 की जगह 35000 रुपये लेने हेतु सहमति दी गई। जिसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक अजितेश सिंह की अगुआई में 9 सदस्यों टीम ने निगम के दर्री जोन कार्यालय में दबिश देकर दोनों अधिकारियों को रंगे हाथ धर दबोचा। वही एसीबी टीम की योजना अनुसार कथित आरोपी सोनकर को प्रार्थी 35 हजार रुपये देने गया तो उसने अपने सब इंजीनियर देवेंद्र स्वर्णकार को देने की बात कही । जिस पर प्रार्थी द्वारा देवेंद्र को रिश्वत की रकम दर्री जोन कार्यालय में दी गयी। जिसपर एसीबी की टीम द्वारा दोनों अधिकारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया । वही दोनों अधिकारियों के घर की भी तलाशी ली गई है। जिसमें एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों को अहम दस्तावेज के साथ कई बड़े सुराग हाथ लगने की जानकारी मिल रही है। दोनों अधिकारियों को अभिरक्षा में लेकर उनके विरुद्ध धारा 7,12 पीसी एक्ट 1988 के तहत कार्यवाही की गई है। इन दोनों अधिकारियों के साथ और किनकी भागीदारी है इसकी भी तह तक पहुंचने की कोशिश एसीबी की टीम कर रही है। इस पूरे मामले के घटने के बाद अब निगम अधिकारियों के मध्य हड़कंप मचा हुआ है और यह भय भी सता रहा है की अगला नंबर किसका ।



# जिला प्रशासन द्वारा मेरिट में स्थान प्राप्त किए चयनित विद्यार्थियों को नीट/जेईई की बेहतर तैयारी हेतु की जा रही व्यवस्था

**- संवाददाता -**
**कोरबा,19 जून 2024 (घटती-घटना)।**




जिला प्रशासन द्वारा कोरबा जिले के मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले 100 छात्र-छात्राओं (50 विज्ञान व 50 गणित) के लिए नीट व जेईई जैसी प्रवेश परीक्षा की गुणवत्तापूर्ण तैयारी हेतु रायपुर के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था ऐलेन में प्रवेश दिलाया जा रहा है। संस्था में प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों का शैक्षणिक शुल्क, भोजन, आवास सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कोरबा जिले के शासकीय विद्यालय से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं जो कि अपनी आगे की पढ़ाई गणित अथवा विज्ञान विषय लेकर करने इच्छुक हैं एवं आगे जेईई व नीट की तैयारी करना चाहते हैं। जिला स्तर पर गणित एवं विज्ञान विषय में रुचि रखने वाले दोनों संकाय के ऐसे 50-50 छात्र-छात्राओं का मेरिट आधार पर चयन किया गया है। साथ ही चयन प्रक्रिया में जिले में निर्धारित आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है। ये चयनित 100 छात्र-छात्राएं रायपुर में अगले दो वर्ष तक 11वीं व 12वीं कक्षा की अध्यापन के साथ ही जेईई व नीट की बेहतर तैयारी करेंगे। विद्यार्थियों के लिए कोचिंग सहित आवासीय सुविधा पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। उन्होंने बताया कि इन छात्रों के कोचिंग के लिए प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान से कोटेशन प्राप्त किया गया तथा संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराए गए जानकारी में शिक्षण शुल्क एवं उपरोक्त परीक्षा की तैयारी के लिए संबंधित प्रतिष्ठान का सक्सेस रेट आधार पर ऐलेन कोचिंग इंस्टीट्यूट रायपुर ब्रांच का चयन किया गया है। दोनों संकायों के चयनित कुल 100 छात्रों के उच्च शिक्षा हेतु शिक्षण शुल्क, आवास भोजन आदि पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। जिसका भुगतान जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा।

# सजग कोरबा के तहत पुलिस द्वारा अब तक कुल 1107 लोगों के विरुद्ध 185 एम वी एक्ट की हुई कार्यवाही



**» वर्ष 2022 में कुल कार्यवाही से इस वर्ष 200त की वृद्धि ,साथ ही 1,10,70,000/- रुपए वसूला गया समन शुल्क**

**- संवाददाता -**
**कोरबा,19 जून 2024 ऑ(घटती-घटना)।**

जिला पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बढ़ते यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी को विशेष अभियान चलाकर ज़िले के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया जा रहा है और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के तहत आज दिनांक तक ज़िले में शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करते हुए कुल 1107 लोगों के विरुद्ध 185 एम वी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में पूरे साल का आँकड़ा 529 था और वर्ष 2023 में मात्र 265। अतः इस वर्ष मात्र 5 1/2 माह में ही पिछले वर्षों की तुलना में क्रमशः 200 प्रतिशत और 400 प्रतिशत अधिक कार्यवाही कर ली गई है। शराब पीकर वाहन चलाने वालो को न्यायलय प्रस्तुत कर प्रत्येक प्रकरण में 10000 सम्मन शुल्क जमा कराया गया है। जिससे अभी तक 1,10,70,000/- रुपए शुल्क जमा कराया गया है। शेष में कार्यवाही लंबित है।

यह अभियान जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा लगातार पेट्रोलिंग किया जा रहा एवं पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर पेट्रोलिंग किया जा रहा । वहीं गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से पूरे कोरबा जिले के सभी थाना क्षेत्र में कार्यवाही किया गया । यह कार्यवाही लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए एक विशेष अभियान सजग कोरबा के तहत चलाया गया । इस अभियान के तहत दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन, पिकअप ट्रक एवं ट्रेलर को चेक किया गया और उन्हें शराब पीकर वाहन न चलाएं और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे उनको समझाया गया एवं हिदायत भी दिया गया। जिला पुलिस द्वारा आगे भी अवैध कारोबार एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पूर्णतः लगाम लगाने के लिए संगठित अपराधों के खिलाफ लगातार आगे भी कार्यवाही की जाने के बात कही गई ।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24**

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नेहाल अहमद अंसारी आ0 स्व.उब्मान अंसारी जाति जुलाहा निवासी सदर रोड अंबिकापुर, तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम-अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) खसरा नं0 2784/28 रकबा 0.017 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया हैं जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 04/07/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202406020700067**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः-राजस्व सन्ः-2023-24
अंबिकापुर प.ह.नं.00015(हे.)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-जगदीप सिंह छावडा,
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0 शासन

**ईश्तहार**

आवेदक जगदीप सिंह छावडा आ0 सुरेन्द्र सिंह छावडा, निवासी महामाया रोड समलाया मंदिर के सामने अंबिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा त्रुटि सुधार हेतु आवेदन पेश कर बताया गया हैं कि आवेदक के स्वामित्व एवं अधिपत्य की ग्राम अंबिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2369/11 रकबा 0.134भूमि कृषि मद की भूमि हैं।आवेदक द्वारा उक्त भूमि का व्यपवर्तन नहीं कराया गया हैं .किन्तु वर्तमान राजस्व अधिलेखों ऑनलाईन बी0-1में त्रुटिवश उक्त भूमि के विवरण में कृषि के स्थान पर व्यपवर्तित अंकित कर दिया गया हैं। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार करतें हुये राजस्व रिकार्ड में अंकित व्यपवर्तित शब्द को विलोपित करने एवं उसके स्थान पर कृषि मद अंकित किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अंबिकापुर के सतक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12/07/2024 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/06/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत/जिम्बाब्वे टी 20 सीरीज में किन खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका ?



**नई दिल्ली,19 जून 2024।** आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में मिले समिति मौकों में बेहतर प्रदर्शन के बाद, संजू सैमसन को टी 20 वर्ल्ड कप के बाद भारत और जिम्बाब्वे सीरीज में मौका मिल सकता है। संजू ने अभी तक वर्ल्ड कप में कोई भी मैच नहीं खेला है, एक बार फिर अजीत अगरकर की नजरों में हैं और टीम इंडिया के सात लंबे समय तक खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

**इन खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका**

रिपोर्ट के अनुसार, अभिषेक शर्मा, नितीश रेड्डी, रियान पराग और मयंक यादव जैसे खिलाड़ियों को जिम्बाब्वे सीरीज के लिए चुना जा सकता है। बता दें कि, इन खिलाड़ियों ने इस साल हुए आईपीएल सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। वहीं टीम के सीनियर खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा को आराम दिया जा सकता है।

**संभावित भारतीय स्क्वॉड**

ऋतुराज गायकवाड़, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, नितीश रेड्डी, हर्षित राणा, यश दयाल, खलील अहमद, आवेश खान, मयंक यादव, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, रियान पराग, रजत पाटीदार, प्रभसिमनर सिंह।

### केन विलियमसन ने सीमित ओवरों की कप्तानी छोड़ी

**राष्ट्रीय अनुबंध ठुकराया**



**क्राइस्टचर्च,19 जून 2024।** टी20 विश्व कप से न्यूजीलैंड के अप्रत्याशित रूप से जल्दी बाहर होने के बाद कप्तान केन विलियमसन ने 2024 . 25 के लिये राष्ट्रीय अनुबंध ठुकरा दिया है और अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर को विस्तार देने के लिये सीमित ओवरों की कप्तानी भी छोड़ दी है। विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा बुधवार को जारी विज्ञप्ति में कहा ,' सभी प्रारूपों में टीम को आगे ले जाना मेरा जुनून रहा है और मैं आगे भी योगदान देते रहना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा ,'' लेकिन इस सत्र में विदेश में खेलने के मौकों के कारण मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध नहीं ले सकूंगा।''

# सुपर 8 में भारत अफगानिस्तान के बीच मुकाबला आज

### केंसिंग्टन ओवल में गेंदबाज या बल्लेबाज में से किसे मिलेगी मदद ?

**बारबाडोस,19 जून 2024।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में सुपर 8 का तीसरा मुकाबला भारत और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा। इस मुकाबले में दोनों टीमें 20 जून यानी गुरुवार को भारतीय समय अनुसार रात 8 बजे से केनिंग्सटन ओवल, बारबाडोस में भिड़ेंगी। मुकाबले से पहले आपको बताते हैं कि, भारत बनाम अफगानिस्तान मैच के दौरान बारबाडोस की पिच में गेंदबाज या फिर बल्लेबाज किसे मिलेगी सबसे ज्यादा मदद।

केनिंग्सटन ओवल, बारबाडोस में अब तक कुल 47 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं जिसमें से 30 रन डिफेंड करने वाली टीम ने जीते हैं। ऐसे में साफ है कि रिकॉर्ड को देखते हुए बारबाडोस में टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करने चाहेगी। यहां पहली इनिंग का औसत स्कोर 138 रन रहा है।




हालांकि, टी20 वर्ल्ड कप 2024 में यहां कि पिच बल्लेबाजी के लिए काफी बेहतर नजर आई है। ये भी जान लीजिए इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर 244 रन बना है। बारबाडोस के मैदान पर आखिरी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच ग्रूप राउंड के दौरान हुआ था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में 201 रन बनाए थे।

**दोनों टीमों का फुल स्क्वॉयड**

**भारत-** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**अफगानिस्तान -** रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जद्रन,नजीबुल्लाह जद्रन,अजमतुल्लाह उमरजई,मोहम्मद नबी,राशिद खान (कप्तान), मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन अल हक,फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक, गुलबदीन नैब, करीम जनत, मोहम्मद इशाक,नांगयालिया खरोटे।

# डब्ल्यूवी रमन टीम इंडिया के कोच बनने की रेस में गौतम गंभीर को दे रहे टक्कर

**नई दिल्ली,19 जून 2024।** भारतीय क्रिकेट टीम को जल्द ही नया हेड कोच मिलने वाला है। वहीं इस पद की रेस में पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर सबसे आगे चल रहे हैं। बीसीसीआई की क्रिकेट एडवाइजरी कमिटी ने मंगलवार को उनका इंटरव्यू लिया। इसके साथ खबर सामने आई कि डब्ल्यूवी रमन का भी इंटरव्यू लिया गया। जिसके बाद कहा जा रहा है कि, इस पद के लिए गौतम गंभीर को रमन कड़ी टक्कर दे रहे हैं। तो चलिए आपको बताते हैं कि आखिर डब्ल्यूवी रमन कौन हैं?

चेन्नई के रहने वाले रमन एक पूर्व भारतीय ओपनर बल्लेबाज हैं। उनका प्रथम श्रेणी करियर 1982 से 1999 तक चला, जहां उन्होंने तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व किया। वे तमिलनाडु के लिए एक बेहतरीन रन स्कोरर थे। उन्होंने 7939 प्रथम श्रेणी रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1988-89 के सत्र में आया जब उन्होंने




1018 रन बनाए, जो उस समय का रिकॉर्ड था। इसे अबतक केवल 15 अन्य बल्लेबाजों ने पार किया है। उस पत्र में रमन ने दो दोहरे शतक और एक तिहरा शतक लगाया था।

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रमन की शानदार शुरुआत**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रमन की शुरुआत बेहतरीन रही। उन्होंने चेन्नई में अपने घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले ही मैच में 83 रन बनाए और एक विकेट भी झटका। 1992 में वे दक्षिण अफ्रीका में वनडे शतक बनाने वाले पहले भारतीय बने। हालांकि, उनका अंतर्राष्ट्रीय करियर केवल 28 मैचों का रहा। उन्होंने 11 टेस्ट में 24.89 के औसत से 448 रन बनाए। 96 उनका सर्वोच्च स्कोर रहा है। उन्होंने 4 अर्धशतक जड़े, 27 वनडे में 23.73 के औसत से 617 रन बनाए। टेस्ट और वनडे दोनों में 2-2 विकेट लिए।

वहीं बता दें कि, रमन का अंतरराष्ट्रीय करियर भले ही छोटा रहा हो, लेकिन रमन लंबे समय से भारतीय कोचिंग सर्किट में हैं। तमिलनाडु (2005-2007), बंगाल (2001-02, 2010-13) के कोच बने रहने के अलावा इंडियन प्रीमियर लीग में किंग्स इलेवन पंजाब (2013) के सहायक कोच और केकेआर (2014) के बल्लेबाजी कंसल्टेंट के रूप में काम कर चुके हैं। 2015 से वह एनसीए में बल्लेबाजी कंसल्टेंट के तौर पर काम कर रहे हैं। इसके अलावा रमन अलग-अलग इंडिया ए और दलीप ट्रॉफी और अंडर-19 टीमों के लिए कोच की भूमिका निभा चुके हैं। दिसंबर 2018 में रमन को रमेश पोवार की जगह भारतीय महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया था। मई 2021 तक इस पद पर रहे। हालांकि, इस दौरान वह काफी विवादों में भी रहे, जिसके कारण उन्हें पद से हटाया गया था। पद से हटाए जाने के बाद रमन ने तत्कालीन बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली को पत्र लिखकर कहा था कि राष्ट्रीय टीम में प्राइमा डोना कल्चर यानी आत्मदंभी संस्कृति है जिसे बदलने की सख्त जरूरत है।

## नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास



**» पावो नूरमी गेम्स में जीता गोल्ड मेडल**

**नई दिल्ली,19 जून 2024।** भारतीय जेवलिन थ्रोओर नीरज चोपड़ा ने पावो नूरमी गेम्स 2024 में खेलते हुए मंगलवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने पहली बार इस टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। 2022 में पावो नूरमी गेम्स में नीरज 89 मीटर भाला फेंकते हुए दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार उन्होंने 85.97 मीटर दूर भाला फेंका। उनके इस रिकॉर्ड को प्रतिस्पर्धा में मौजूद अन्य कोई एथलीट नहीं तोड़ पाया। इस तरह उन्होंने फिनलैंड में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के दौरान नंबर-1 पर रहते हुए गोल्ड पर कब्जा किया। नीरज चोपड़ा चोट के चलते साल 2023 में इसी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाए थे। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक के दौरान गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। 26 जुलाई से पेरिस ओलंपिक की शुरुआत होने जा रही है। ऐसे में नीरज का पावो नूरमी गेम्स 2024 में गोल्ड जीतना भारतीय फैंस के लिए अच्छी खबर है। आज के मैच की बात की जाए तो नीरज के बाद फिनलैंड के टोनी केरामेन ने 84.19 मीटर का थ्रो फेंका और वो दूसरे स्थान पर रहते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम करने में सफल रहे। वहीं, ओलिवियर हेलांडर ने 83.96 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के सात ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया।

वहीं नीरज चोपड़ा की शुरुआत में मैच के दौरान कुछ पिछड़ते हुए नजर आए, दूसरे प्रयास तक वो पीछे ही थे लेकिन तीसरे प्रयास में उन्होंने खुद को मजबूत किया और शानदार वापसी की। इस बार उन्होंने 85.97 मीटर दूर भाला फेंका। जिसे अन्य प्रयासों के दौरान भी कोई बीट नहीं कर पाया।

# एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर के बॉयफ्रेंड राहुल मोदी आखिर है कौन ?



अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी के लिए एक मजेदार पोस्ट शेयर की है। पोस्ट के वायरल होने के बाद, प्रशंसक सोच रहे हैं कि राहुल मोदी कौन हैं। वह एक फिल्म लेखक और सहायक निर्देशक हैं। राहुल मोदी का सबसे हालिया प्रोजेक्ट 2023 की हिट फिल्म 'तू झूठी मैं मक्का' थी, जिसमें श्रद्धा कपूर और रणबीर कपूर ने अभिनय किया था। फिल्म की रिलीज के बाद श्रद्धा और राहुल की डेटिंग की अफवाहें ऑनलाइन प्रसारित होने लगीं। राहुल ने लव रंजन की कई फिल्मों में साथ काम किया है, जिसमें कार्तिक आर्यन की 'प्यार का पंचनामा 2', 'सोनू के टीटू की स्वीटी' और 'प्यार का पंचनामा' जैसी हिट फिल्में शामिल हैं।

राहुल मोदी कथित तौर पर अभिनेता से छोटे हैं। लेखक 34 साल के हैं, जबकि श्रद्धा 37 साल की हैं। राहुल का सुभाष घई से संबंध है, क्योंकि उनके पास घई द्वारा स्थापित फिल्म स्कूल व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट से डिग्री है। इंस्टाग्राम पर करीब 15,000 फॉलोअर्स होने के बावजूद राहुल ने कुछ भी पोस्ट नहीं किया है और 1,100 से ज़्यादा अकाउंट्स को फॉलो करते हैं।

दोनों के एक-दूसरे को डेट करने की अफ़वाहें तब उड़ीं जब उन्हें कई इवेंट्स में साथ देखा गया। दरअसल, श्रद्धा और राहुल को जामनगर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग पार्टी में भी साथ देखा गया था। उन्हें आदित्य रॉय कपूर से भी मिलवाते हुए देखा गया था

# ऋतिक रोशन की फिल्म लक्ष्य के 20 साल पूरे

**सिनेमाघरों में फिर से रिलीज की जाएगी फिल्म**

ऋतिक रोशन अभिनीत फिल्म लक्ष्य, अपनी 20 वीं वर्षगांठ के अवसर पर सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होने वाली है। फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित, हिंदी फिल्म 1999 के कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह ऋतिक द्वारा अभिनीत एक लक्ष्यहीन युवक करण शेरगिल के इर्द-गिर्द घूमती है, जो भारतीय सेना में शामिल हो जाता है और युद्ध के मैदान में एक नायक के रूप में परिपक्व होता है। जबकि फिल्म मूल रूप से 18 जून, 2004 को रिलीज हुई थी, लक्ष्य इस शुक्रवार (21 जून) को फिर से स्क्रीन पर आएगी। ऋतिक और फरहान दोनों ने एक्स पर फिल्म की फिर से रिलीज की घोषणा साझा की।

फिल्म के ट्रेलर के साथ कैप्शन में लिखा है, आइए, एक ऐसी फिल्म की यात्रा को फिर से जीएं जिसने अनगिनत सपनों को जगाया और पीढ़ियों को प्रेरित किया। 21 जून को सिनेमाघरों में लक्ष्य के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए। फरहान और रितेश सिधवानी के एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, लक्ष्य में अमिताभ बच्चन और प्रीति जिंटा भी थे। शंकर-एहसान-लॉय द्वारा रचित और जावेद अख्तर द्वारा लिखित फिल्म का साउंडट्रैक श्रोताओं के बीच लोकप्रिय बना हुआ है। बोमन ईरानी, अंजुला बेदी, लिलेट दुबे, एम के रैना, कुशल पंजाबी और ओम पुरी भी कलाकारों में शामिल हैं।लक्ष्य को 50वें फिल्मफेयर पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता सहित चार नामांकन मिले। हालांकि, इसने सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी और सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी सहित दो पुरस्कार जीते। दिल चाहता है के बाद लक्ष्य फरहान अख्तर की दूसरी निर्देशित फिल्म थी। हालांकि, इसने उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन पिछले कुछ सालों में टेलीविजन चैनलों पर बार-बार दिखाए जाने के बाद, इसने एक कल्ट क्लासिक का दर्जा हासिल कर लिया है। फिल्म के कुछ लोकप्रिय गीतों में मैं ऐसा क्यों हूं अगर मैं कहूं और शीर्षक ट्रैक शामिल हैं।






## सलमान खान ने शुरू की सिकंदर की शूटिंग

आखिरकार एआर मुरुगादॉस की फिल्म सिकंदर की शूटिंग शुरू हो गई है। अभिनेता ने सेट से पहली तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। तस्वीर ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है और प्रशंसकों ने इस प्रोजेक्ट के लिए अभिनेता को अपना प्यार और शुभकामनाएं देना शुरू कर दिया है। अभिनेता को कंप्यूटर स्क्रीन के पीछे एआर मुरुगादॉस और निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ खड़े देखा गया। खान ने बकाइन पोलो-नेक टी-शर्ट पहनी हुई थी। मुरुगादॉस गहरे रंग की टी-शर्ट में दिखे, जबकि नाडियाडवाला ने काली टी-शर्ट के ऊपर लाल जैकेट पहना हुआ था। तीनों स्क्रीन पर जो कुछ भी बना रहे थे, उससे खुश लग रहे थे। सिकंदर की शूटिंग मुंबई में शुरू हो गई है। फिल्म में खान के साथ हवा में एक्शन सीक्वेंस है, जिसे फिल्म के सबसे बड़े सीक्वेंस में से एक माना जा रहा है। पोस्ट को 373ञ्च से ज़्यादा लाइक मिले हैं। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक प्रशंसक ने लिखा, वह दिन-ब-दिन जवान दिख रहे हैं। दूसरे प्रशंसक ने टिप्पणी की, असल ज़िंदगी में सिकंदर । तीसरे प्रशंसक ने कहा, यह बहुत बढ़िया लग रहा है और निश्चित रूप से सिकंदर एक एटीबी होगा। मार्च में वापस नाडियाडवाला ने घोषणा की कि वह खान, मुरुगादॉस को सिकंदर के लिए साथ ला रहे हैं। यह फिल्म उनके सहयोग से बनने वाली है। सिकंदर खान और नाडियाडवाला की किक के बाद फिर से एक साथ आने वाली है। यह फिल्म ईद 2025 पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## इश्क विश्क रिबाउंड में सीबीएफसी ने रोहित सर्राफ की फिल्म में मिडिल फिंगर दिखाने के सीन को ब्लर करने का दिया निर्देश

रोहित सराफ, पश्मीना रोशन और जिबरान खान अभिनीत आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड इस शुक्रवार को बड़े पर्दे पर आने वाली है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने दो संशोधनों के साथ फिल्म को यू/ए प्रमाण पत्र दिया है। इतना ही नहीं, यह फिल्म हाल के दिनों में रिलीज़ होने वाली सबसे छोटी फिल्मों में से एक है, जिसकी कुल अवधि केवल 1 घंटा 46 मिनट है, यानी 106 मिनट है।



सेंसर बोर्ड ने जिन दो संशोधनों का सुझाव दिया है, उनमें मिडिल फिंगर के दृश्यों को धुंधला करना शामिल है। दूसरा, शराब से संबंधित सभी दृश्यों में स्क्रीन के नीचे शराब पीने पर एक अस्वीकरण प्रदर्शित किया जाना है।

आगामी बॉलीवुड फिल्म के छोटे रनटाइम के बारे में बात करते हुए, जैसा कि मल्टीप्लेक्स अधिकारी ने कहा, हॉलीवुड फिल्मों का 1 घंटा 40 या 50 मिनट लंबा होना आम बात है। लेकिन हमें इसके रन टाइम के बारे में जानकर सुखद आश्चर्य हुआ। किसी हिंदी फिल्म का इतना छोटा होना दुर्लभ है। अब, हम जरूरत पड़ने पर एक स्क्रीन पर प्रतिदिन इश्क विश्क रिबाउंड के 6 या 7 शो भी दिखा सकते हैं, बॉलीवुड हंगामा ने रिपोर्ट किया।

क्या शाहिद कपूर इश्क विश्क रिबाउंड में नजर आएंगे?

हाल ही में, कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि शाहिद आगामी फिल्म में एक विशेष कैमियो करते नजर आएंगे। इश्क विश्क रिबाउंड के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में, फिल्म के निर्देशक निपुण अविनाश धर्माधिकारी ने आखिरकार इस तरह के दावों पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि 21 जून को बड़े पर्दे पर सभी सवालों के जवाब मिलेंगे। इस फिल्म से निर्देशक की हिंदी सिनेमा में पहली फिल्म भी है और पश्मीना रोशन, जो ऋतिक रोशन की भतीजी हैं।

यह फिल्म रमेश तौरानी द्वारा निर्मित और जया तौरानी द्वारा टिप्स फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले सह-निर्मित है और 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।



## ये रिश्ता क्या कहलाता है में होगा धमाका

ये रिश्ता क्या कहलाता है' में होगा धमाका। अरमान ने फोन में रिकॉर्ड की फूफा-सा की हरकत। ये रिश्ता क्या कहलाता है' का 19 जून का एपिसोड- अभिरा के पास होने की खुशी में माधव केक लेकर आता है। अभिरा केक काटते वक्त अरमान को ढूंढने लगती है। हालांकि उसे अरमान दिखाई नहीं देता है। वह उदास हो जाती है। ऐसे में कृष,अभिरा से बात करता है। वह अभिरा को मनाने की कोशिश करता है। माधव, कृष की बातें सुन लेता है और उसे वापस पौद्दार हाउस जाने के लिए कहता है। जब अभिरा, कृष, कियारा, आर्यन और चारू को बाहर छोड़ने जाती है तब अरमान उसका हाथ पकड़ लेता है। भड़केगा अरमान- अरमान, अभिरा के लिए कार लेकर आता है, लेकिन अभिरा गुस्से में कार का कांच तोड़ देती है। अरमान भड़क जाता है और अभिरा को सुनाना शुरू कर देता है। अभिरा गुस्से में अंदर चली जाती है। इस घटना के बाद एक तरफ माधव, अरमान को समझाने की कोशिश करता है। दूसरी तरफ चारू पौद्दार हाउस जाकर सबको सबकुछ बता देती है। फूफा-सा भड़क जाते हैं। ऐसे में चाची-सा उनपर तंज कसती हैं और उन्हें उनकी औकात याद दिलाती हैं।

# शिक्षा मंत्री की कैबिनेट बैठक में लिए गए अह्म फैसले

» प्रदेश के सभी स्कूलों में बनेंगे स्मार्ट क्लासरूम... :

» जल्द शुरू होगी 33 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया...

» छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में किए जायेंगे महत्वपूर्ण बदलाव...

» विश्व स्तरीय शिक्षा दिलाने की होगी प्रयास...



**रायपुर,19 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में नये शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पहले शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें शिक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा विभिन्न कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षकों की भर्ती, वेतन विसंगति, पदोन्नति, नई शालाओं के निर्माण समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर जानकारी ली। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में शिक्षा के स्तर को विश्व स्तरीय बनाने के लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं राज्य में शिक्षकों के 33 हजार रिक्त पदों पर मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री से स्वीकृति के बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इसके साथ ही राज्य में वेतन विसंगति और संयुक्त संचालक, उप संचालक,प्राचार्य,व्याख्याता,उच्च वर्ग शिक्षक, प्रधानपाठक (माध्यमिक शाला) की पदोन्नति के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया। मंत्री ने इन सारी विसंगतियां को जल्द से जल्द दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

### डीएमएफ और सीएसआर मद से बनेंगे स्कूल भवन

मंत्री श्री अग्रवाल ने सभी शासकीय और गैर शासकीय स्कूलों में निःशुल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराने के लिए पाठ्य पुस्तक निगम को निर्देश देते हुए कहा कि पुस्तकों को जिला स्तर पर उपलब्ध कराया जाए, वहां से सभी स्कूलों में शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पहले ही भेज दिया जाए। उन्होंने प्रदेश के जर्जर होते स्कूलों की बिल्डिंग और नए भवनों के निर्माण के लिए डीएमएफ और सीएसआर मद से कार्य कराने के निर्देश दिए।

### शिक्षा विभाग की अलग से बनेगा इंजीनियरिंग सेल

निर्माण कार्यों के लिए शिक्षा विभाग की अलग से इंजीनियरिंग सेल निर्माण प्रक्रिया को जल्द ही पूर्ण करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही विश्व स्तरीय शिक्षा मुहैया कराने के लिए सभी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम और ई-क्लास रूम बनाने के निर्देश दिए। साथ ही राज्य के ज्यादा से ज्यादा स्कूलों का पीएम श्री योजना के तहत अपग्रेडेशन करने के निर्देश दिए हैं।

### आर.टी.ई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

मंत्री अग्रवाल ने राज्य के समस्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में मैथ्स, साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स संकाय शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अनुदान प्राप्त अशासकीय शालाओं की समय-समय पर जाँच एवं निरीक्षण करने को भी कहा एवं अशासकीय शालाओं में आर.टी.ई. के शुल्क की प्रतिपूर्ति की जानकारी ली। उन्होंने अशासकीय शालाओं में शुल्क वृद्धि, गणवेश, पुस्तक खरीदी एवं आर.टी.ई के तहत प्रवेश में गड़बड़ी न हो इसके लिए जिला स्तर पर कमेटी गठित करने को भी कहा जिसमें स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो और नियम विरूद्ध कार्य करने वाले शालाओं के विरुद्ध कार्यवाही के भी निर्देश दिए। उन्होंने बेहतर निजी विद्यालयों को अनुदान देकर विद्यार्थियों को इसमें शिक्षा दिलाने पर जोर दिया।

### अंग्रेजी भाषा एक्सपर्ट की होगी नियुक्ति

शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक शैक्षणिक सत्र में दो बोर्ड परीक्षाएं आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही कमजोर बच्चों के लिए जिला स्तर पर कोचिंग केंद्र खोलने की बात कही। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग सेंटर शुरू करने के भी निर्देश दिए। विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा का सही ज्ञान देने के लिए भाषा एक्सपर्ट की नियुक्ति के साथ ही जिन क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी है उसे तत्काल पूरा करने के लिए अतिथि शिक्षकों की भर्ती के निर्देश दिए हैं।

### कैबिनेट की बैठक के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा

आज मंत्रालय में हुई साय कैबिनेट की बैठक के बाद प्रदेश सरकार के वरिष् ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज कैबिनेट से इस्ते तीफ दे दिया। बता दें 2 दिन पहले ही बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के मौलश्री स्थित निवास कार्यालय में विधानसभा सदस्यता से अपना इस्तीफा दिया था

### डाईट सेंटर का होगा कायाकल्प

शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए विभाग को शिक्षकों के उचित प्रशिक्षण के लिए निर्देश दिए। साथ ही डाईट सेंटर का फिर से कायाकल्प किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर दूसरे राज्यों से भी राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों को बुलाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा में समन्वय के लिए एक समिति बनाने को भी कहा है।

# अनवर ढेबर को गिरफ्तार कर रायपुर कोर्ट में पेश किया गया



**रायपुर,19 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला केस में जमानत पर रिहा होने के तुरंत बाद होटल कारोबारी अनवर ढेबर को एक अन्य केस में उत्तर प्रदेश एसटीएफ की टीम ने मंगलवार रात को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को यूपी एसटीएफ ने अनवर ढेबर को रायपुर कोर्ट में पेश किया। कहा जा रहा है कि यूपी एसटीएफ अनवर ढेबर को नोएडा ले जाने के लिए रिमांड की मांग करेगी। इस दौरान पूरा कोर्ट परिसर पुलिस से छावनी में तब्दील हो गया। अनवर ढेबर के समर्थन में बड़ी संखे या में समर्थक परिसर में पहुंचे। वहीं अनवर ढेबर ने कहा, मेरी तबियत ठीक नहीं है। मुझे टॉर्चर किया जा रहा है।

### इस मामले में यूपी एसटीएफ ने ढेबर को किया गिरफ्तार

बता दें इससे पहले छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला केस में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद होटल कारोबारी अनवर ढेबर की मंगलवार रात आठ बजे जैसे ही हाई कोर्ट के आदेश पर जमानत पर रिहाई हुई, उत्तर प्रदेश एसटीएफ की टीम नोएडा में दर्ज नकली होलोग्राम केस में प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार करने जेल पहुंच गई। जेल से बाहर निकलते ही अनवर ढेबर को एसटीएफ ने गिरफ्तार करने की कोशिश की तो ढेबर समर्थक, रिश्तेदार और स्वजन ने गिरफ्तारी का विरोध कर करीब आधे घंटे तक जमकर हंगामा किया। इस बीच पुलिसकर्मियों के साथ धक्कामुक्की भी हुई। हंगामे की सूचना मौके पर रायपुर पुलिस के आला अधिकारी भी पहुंचे। काफी हो हंगामे के बीच आखिरकार अनवर को एंबुलेंस से सिविल लाइन पुलिस थाने ले जाया गया। स्थिति को देखते हुए देर रात थाना परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। देर रात यूपी एसटीएफ की टीम अनवर को लेकर उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हो गई।

### यह है अनवर ढेबर को गिरफ्तार करने का मामला

2,000 करोड़ से अधिक के शराब घोटाला मामले में नकली होलोग्राम बनाने को लेकर जेल में बंद अनवर ढेबर और पूर्व आबकारी अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी की 19 जून को मेरठ में पेशी होनी है, जिसके लिए यूपी एसटीएफ की टीम ने रायपुर कोर्ट में आवेदन देकर दोनों आरोपितों के प्रोडक्शन वारंट की मांग की थी। कोर्ट ने सोमवार को तीन में से दो आरोपित अनवर ढेबर और अरुणपति त्रिपाठी को यूपी ले जाने की अनुमति दे दी थी। इसी सिलसिले में सोमवार की दोपहर जब दोनों आरोपितों को यूपी ले जाने के लिए एसटीएफ रायपुर जेल पहुंचा तो जेल प्रशासन ने तबियत ख़राब होने का हवाला देते हुए यूपी ले जाने से रोक दिया था। इसके बाद मंगलवार को यूपी एसटीएफ दोबरा सेंट्रल जेल पहुंचकर अनवर और अरुण पति त्रिपाठी की गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू ही की थी कि हंगामा हो गया।

# बीजेपी सरकार ने लिया बड़ा निर्णय

» अब मितानिनों को मिलेगा ऑनलाईन मानदेय

**रायपुर,19 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की मितानिनों के लिए यह खबर काम की है। अब प्रदेश की मितानिनों को ऑनलाइन मानदेय दिया जाएगा। महतारी वंदन योजना की तरह हर महीने उनके खाते में सैलरी क्रेडिट हो जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने यह घोषणा की है। इतना ही नही इस सैलरी में केंद्र और राज्य के अंश भी मितानिनें देख पाएंगी। यानि कि अब मितानिनें खाते में कितने पैसे राज्य सरकार और कितने पैसे केंद्र सरकार के द्वारा दिए जाते हैं इसकी जानकारी भी देख पाएंगी।स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम में पहुंचे हुए थे। जहां उन्होंने इस बात की घोषणा की है। कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय भी शामिल थे। इसके पहले सीएम विष्णु देव साय सिकल सेल को लेकर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने मेडिकल कॉलेज नए ऑडिटोरियम पहुंचे। जहां से उन्होंने सिकल सेल अवेयरनेस प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



# बलौदाबाजार हिंसा मामले का फरार आरोपी भीम क्रांतिवीर का संस्थापक गिरफ्तार



**बलौदाबाजार,19 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने भीम क्रांतिवीर के संस्थापक किशोर नवरंगे को गिरफ़्तार किया है। किशोर नवरंगे हिंसा और आगजनी की घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। बताया जा रहा है कि, किशोर नवरंगे के बुलाने पर ही प्रदेश भर के लोग बलौदबाज़ार पहुंचे थे और इसके बाद ही हिंसा हुई थी। पुलिस किशोर नवरंगे से पूछताछ कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि,किशोर नवरंगे से पूछताछ में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। बलौदाबाजार में हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने अब तक 132 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनमे अलग अलग संगठन के 20 प्रमुख भी शामिल हैं। गिरफ्तार हुए आरोपियों में भीम रेजिमेंट के संभाग अध्यक्ष जीवराखन बांधे और प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश सोनवानी भी शामिल हैं।

### नक्सलियों के बिछाए गए प्रेशर बम से अधेड़ महिला बुरी तरह घायल



**बीजापुर,19 जून 2024(ए)।** बस्तर में आये दिन नक्सलियों द्वारा बिछाये गए बम से जवानों के साथ ही आम लोग भी प्रभावित हो रहे हैं। इस कड़ी में आज सुबह नक्सलियों द्वारा जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए प्लांट की गई प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से एक अधेड़ महिला के दोनों पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुधवार की सुबह उसूर थाना क्षेत्र के नड़पल्ली निवासी जोगी पति गंगा (55) जंगल में वनोपज बिन रही थी। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए प्लांट की गई प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से महिला के दोनों पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। साथ ही शरीर के अन्य हिस्से में भी चोट पहुंची है।



# साय के कैबिनेट में लिया गया बड़ा फैसला

» एफएल 10 लाइसेंस सिस्टम खत्म...

» आबकारी विभाग अब सीधे निर्माता से खरीदेगी शराब...

**रायपुर,19 जून 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज महानदी भवन में कैबिनेट बैठक हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए है। सरकार ने विदेशी शराब की खरीदी के लिये पूर्ववर्ती एफएल 10 लाइसेंस की व्यवस्था को समाप्त कर दिया है। सरकार अब खुद सीधे शराब निर्माता से शराब ख़रीदेगी और ब्रेवरेज कारपोरेशन उसका भंडारण करेगा.। पूर्ववर्ती सरकार में एफएल 10 ए और बी लाइसेंस निजी हाथों में दिया गया था। सरकार के इस फ़ैसले के बाद अब शराब बिक्री से राज्य का राजस्व बढ़ेगा. साथ ही भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी पर लगाम लगाया जा सकेगा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि बस्तर, सरगुजा, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरणों के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य पांचों प्राधिकरणों की कार्य प्रणाली को प्रभावी और सशक्त बनाने के साथ ही उन क्षेत्रों में जनसुविधा के कामों को गति देना है। इन पांचों प्राधिकरणों की कमान अब सीधे मुख्यमंत्री के जिम्मे होगी। स्थानीय विधायकों में से एक विधायक को इसका उपाध्यक्ष मनोनीत किया जाएगा. क्षेत्रीय विधायक इन प्राधिकरणों के सदस्य होंगे. मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव अथवा सचिव इन पांचों प्राधिकरणों के सदस्य सचिव होंगे।

### इन महत्वपूर्ण फैसलों पर लगी मुहर

कैबिनेट द्वारा उच्च शिक्षा विभाग में अतिथि व्याख्याता नीति-2024 का अनुमोदन किया गया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चना वितरण के लिए निर्गम मूल्य पर चना खरिदने करने के संबंध में कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र एवं मॉडा क्षेत्र में अन्त्योदय एवं प्राथमिकता वाले परिवारों को चना वितरण के लिए भारत सरकार के निर्धारित निर्गम मूल्य और नागरिक आपूर्ति निगम को प्राप्त रॉ चना की मिलिंग और परिवहन दर को जोड़कर प्राप्त कुल दर पर चना खरीदा जाएगा।

मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद से 14 हजार 369 व्यक्तियों एवं संस्थाओं को 19 करोड़ 37 लाख 93 हजार रूपए की स्वीकृत राशि का कार्योत्तर अनुमोदन मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदान किया गया।

### भारी मात्रा में किया गया नक्सली सामान बरामद



**नारायणपुर,19 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की नारायणपुर पुलिस ने एरिया डॉमिनेशन के दौरान कावानार में भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद की है। नक्सली सामग्री में 11 नग कुकर, 2 नग प्लास्टिक ड्रर्म, 1 नग स्टील ड्रर्म, बिजली वायर सहित फटाका जब्त किया है। नक्सली इन सामग्रियों को बस्ती के अंदर बने सोलर प्लेट के बैटरी रूम में छुपा रखे थे।

जिला नारायणपुर में बस्तर रेंज, सुन्दरराज पी.,डीआईजी केएल ध्रुव, एसपी नारायणपुर प्रभात कुमार एवं रोबिनसन गुड़िया के निर्देशन में लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 19 जून को कैम्प कड़ेनार से डीआरजी एवं 45वीं वाहिनी आईटीबीपी की संयुक्त बल एरिया डॉमिनेशन पर ग्राम कावानार-तोयमेटा की ओर रवाना हुई थी।सुरक्षा बल कावानार बस्ती अंदर पहुंची तो सोलर प्लेट के बैटरी रखने के लिए बने रूम में 11 नग कुकर, 2 नग प्लास्टिक ड्रम, 1 नग स्टील ड्रम, बिजली वायर, फटाका, डेटोनेटर, कोडेक्स वायर, बैटरी सेल, इनवर्टर, बर्तन, नक्सली बैनर एवं भारी मात्रा में अन्य नक्सली दैनिक सामग्री मिली। नक्सलियों के द्वारा उक्त कुकर, टिफिन, बिजली वायर, कोडेक्स, डेटोनेटर, फटाका एवं अन्य सामग्री का उपयोग सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से जमा कर रखा गया था। सुरक्षा बलों द्वारा सावधानी पूर्वक नक्सलियों के मनसुबे को विफल करते हुए बरामद किया गया। उक्त कार्यवाही में जिला पुलिस बल, डीआरजी एवं आईटीबीपी की विशेष भूमिका रही है।

# ठग शिव साहू को गिरफ्तार किया गया



**रायपुर,19 जून 2024 (ए)।** सरसींवा पुलिस ने आखिरकार ठग शिव साहू को गिरफ्तार कर लिया है। शिव करीब 3 महीने से पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस ने रायपुर और बिलासपुर में दबिश देकर शिव और उसके 5 साथियों सूर्यकांत साहू, रमेश साहू, दिनेश साहू,लक्ष्मीनारायण साहू और भागवत साहू भी गिरफ्तार कर लिया है। शिवा करीब 2 करोड़ 26 लाख रुपये की ठगी का आरोप है। शिव करीब 4 महीने पहले चर्चा में आया था। महंगी-महंगी गाड़ी के साथ ही बेहिसाब खर्च की वजह से चर्चा में आए शिव के खिलाफ कुछ लोगों मार्च पुलिस में शिकायत की थी। इसके आधार पर सरसींवा पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी किया, लेकिन लोगों के हंगामा और दबाव के बाद उसे छोड़ दिया गया। इसके बाद से शिव लगातार फरार चल रहा था।

### रायकोना का है करोड़पति शिवा साहू

सारंगढ़ जिले के सरसींवा थाना क्षेत्र के रायकोना का रहने वाला है शिवा साहू। शिवा के पिता टीकाराम साहू खेती किसानी के साथ साथ गांव में ही बढ़ई का काम करते थे, बेटे के करोड़पति बनने से पहले उनका परिवार साधारण लोगों की तरह ही जीवन जीता था, लेकिन जब से बेटा करोड़पति बना तब से परिवार के लोगों का रहन सहन बदल गया। बेटे के करोड़पति बनने के बाद पिता ने भी खेती किसानी और बढ़ई का काम छोड़कर बेटे के कामों में हाथ बटाना शुरू कर दिया। बताया जाता है कि बेटे ने करोड़ों रुपए की महंगी बाइक और मर्सिडीज, बीएमडब्ल्यू जैसी कार खरीदी है। साथ ही उसके पास कई ट्रेक्टर और जेसीबी भी है। साधारण परिवार का शिवा कुछ ही महीनों में करोड़पति कैसे बना ये हर कोई जानना चाहता है। शिवा के करोड़पति बनने के संबंध में गांव के ग्रामीण भी कुछ नहीं बताते है। शिवा ने रायपुर, बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में करोड़ों के मकान और प्लाट खरीदकर रखा है।

### सोशल मीडिया की वजह से आया चर्चा में

सोशल मीडिया में रायकोना गांव और शिवा साहू का एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में शिवा और उसके पास रखी करोड़ों की बाइक व कार को दिखाया गया था। वीडियो में दावा किया जा रहा था कि इस गांव के हर घर में लोगों के पास महंगी महंगी गाड़ी है। वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ था। जिसे देखकर रायकोना के लोग उस पर जान छिड़कते हैं।



# पटवारी को रिश्वत लेते हुए एसीबी ने रंगे हाथों धर दबोचा

**रायपुर,19 जून 2024(ए)।** एसीबी ने आज एक पटवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। ब्यूरो के अफसरों ने बताया कि ग्राम भेड़सर दुर्ग निवासी विरेन्द्र देशमुख की शिकायत पर पटवारी और कोटवार के खिलाफ कार्यवाही की गई है। अफसरों ने बताया कि प्रार्थी देशमुख और उसके परिवार के अन्य लोगों दादा जी की मृत्यु पश्चात् भूमि के बटांकन एवं ऋणपुस्तिका बनाने के कार्य के लिए आरोपी पटवारी रमेश कुमार देशलहरे और ग्राम कोटवार राजेश्वर दास उर्फ सुखदास से सम्पर्क किया। पटवारी और कोटवार ने प्राथी के काम के लिए प्रति व्यक्ति चार हजार रूपये के हिसाब से सात लोगों का कुल 28,000 रूपये रिश्वत की मांग की गई है जिसमें से 5,000 रू. एडवांस के रूप में भी लिया गया है। प्रार्थी रिश्वत नहीं देता चाहता था, बल्कि रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन पर सही पाये जाने से ट्रेप आयोजित कर आज आरोपी रमेश कुमार देशलहरे पटवारी भेड़सर एवं राजेश्वर दास उर्फ सुखदास (ग्राम कोटवार) को पटवारी कार्यालय में प्रार्थी से उसके हिस्से की राशि 3,000 रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)